राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 179
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
रविवार 25 मई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 यूपी में कोरोना का 5वां मरीज मिला
पेज 4 सहारनपुर में बी-फॉर्मा छात्र का दिनदहाड़े मर्डर
पेज 6 आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता को लिखा पत्र, बोलीं- चार इंजन की

## संक्षिप्त खबरें

### एक्टर मुकुल देव का निधन

एक्टर मुकुल देव का 54 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और हाल ही में उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया था। हालांकि, उनके निधन का कारण अब तक सामने नहीं आया है। मुकुल देव हिंदी, पंजाबी और साउथ फिल्मों के साथ-साथ टेलीविजन जगत में भी सक्रिय थे। मुकुल देव ने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया। फिल्म 'सन ऑफ सरदार' में उन्होंने टोनी सिंह संधू का किरदार निभाया था। इस रोल से उन्हें खास पहचान मिली। उन्होंने 'यमला पगला दीवाना', 'आर राजकुमार' और 'जय हो' जैसी फिल्मों में भी अहम भूमिकाएं निभाईं।

### एपल भारत में ही बनाएगी आईफोन

नई दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की धमकी के बाद भी एपल भारत में ही आईफोन बनाएगी। सीएनएन की रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत में आईफोन के प्रोडक्शन से कंपनी को काफी फायदा होगा। इसीलिए कंपनी किसी राजनीतिक दबाव में कोई फैसला नहीं लेगी। मामले से जुड़े एक शीर्ष सरकारी अधिकारी ने बताया कि उन्हें पूरा विश्वास है कि एपल कंपनी ट्रम्प प्रशासन के किसी भी दबाव के बावजूद मुनाफे को तवज्जो देगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, कंपनी भारत में उपलब्ध टैलेंट और यहां बिजनेस के लिए उपलब्ध सुविधाओं पर ज्यादा फोकस कर रही है।

### आग का कहर



नई दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में लगी आग को बुझाने की कोशिश करते अग्निशमन कर्मी। आग लगने के बाद विस्फोट हुआ, जिससे इमारत ढह गई।

# देश में कोरोना के अबतक 350 एक्टिव मरीज

**कल महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3, यूपी में 1 केस मिला**

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। शनिवार को महाराष्ट्र के ठाणे में 8, उत्तराखंड-हरियाणा में 3-3 और यूपी के नोएडा में एक मामला सामने आया है। ठाणे में शुक्रवार को 10 मामले सामने आए थे। 23 मई को अहमदाबाद में 20, यूपी में 4, हरियाणा में 5 और बेंगलुरु में 9 महीने का एक बच्चा कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इस तरह देश में अब तक कोरोना के 350 एक्टिव केस हैं। 2 मौतें हो चुकी हैं।

उधर, दिल्ली सरकार ने कोविड-19 को लेकर एडवाइजरी जारी की है। सरकार ने सभी अस्पतालों को कहा है कि वे बेड, ऑक्सीजन, दवाइयों और वैक्सीन की पूरी व्यवस्था रखें।

दिल्ली के सभी अस्पतालों को निर्देश दिया गया है कि हर पॉजिटिव कोविड सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग के लिए लोक नायक अस्पताल भेजा जाए।

# तय समय से 8 दिन पहले केरल पहुंचा मानसून

**यह 16 साल में सबसे जल्दी; 4 जून तक एमपी-यमपी पहुंचने की संभावना**

**नई दिल्ली।** मानसून शनिवार को केरल पहुंच गया। यह अपने तय समय से 8 दिन पहले पहुंचा है। मौसम विभाग के मुताबिक 16 साल में ऐसा पहली बार हुआ जब मानसून इतनी जल्दी आया है। 2009 में मानसून 9 दिन पहले पहुंचा था। वहीं, पिछले साल 30 मई को दस्तक थी।

मानसून चार दिन से देश से करीब 40-50 किलोमीटर दूर अटका था और शुक्रवार शाम आगे बढ़ा। इसके आज ही तमिलनाडु और कर्नाटक के कई इलाकों में भी पहुंचने की संभावना है। एक हफ्ते में देश के दक्षिणी और पूर्वोत्तर राज्यों जबकि 4 जून तक मध्य और पूर्वी भारत को कवर कर सकता है। आम तौर पर मानसून 1 जून को केरल पहुंचता है और 8 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास वापस लौटना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से वापस चला जाता है।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मानसून की शुरुआत की तारीख और सीजन के दौरान कुल बारिश के बीच कोई संबंध नहीं है। इसके जल्दी या देर से पहुंचने का मतलब यह नहीं है कि यह



देश के अन्य हिस्सों को भी उसी तरह कवर करेगा।

### 1972 में सबसे देरी से केरल पहुंचा था मानसून

आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था। मौसम विभाग ने अप्रैल में कहा था कि 2025 के मानसून सीजन के दौरान अल नीनो की संभावना नहीं है। यानी इस साल सामान्य से ज्यादा बारिश होगी। कम बारिश की आशंका न के बराबर है। 2023 में अल नीनो सक्रिय था, जिसके कारण मानसून सीजन में सामान्य से 6 फीसदी कम बारिश हुई थी।

### इस साल मानसून जल्दी क्यों पहुंचा?

भारत में इस बार मानसून जल्दी पहुंचने की मुख्य वजह अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में बढ़ी हुई नमी है। समुद्र का तापमान सामान्य से ज्यादा रहा, जिससे मानसूनी हवाएं तेजी से सक्रिय हुईं। पश्चिमी हवाओं और चक्रवातों की हलचल ने भी मानसून को आगे बढ़ने में मदद की। इसके अलावा जलवायु परिवर्तन भी मौसम के पैटर्न में बदलाव की एक बड़ी वजह बन रहा है।

# पाक गोलीबारी के पीड़ित परिवारों से मिले राहुल



**बोले- राष्ट्रीय स्तर पर उठाऊंगा मुद्दा; बच्चों से कहा- आई लव यू, खूब पढ़ो और दोस्त बनाओ**

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी जम्मू-कश्मीर के पुंछ पहुंचे हैं। उन्होंने यहां पाकिस्तानी गोलाबारी में मारे गए लोगों के परिवारों से मुलाकात की। वे स्कूली बच्चों से भी मिले, उनका हौसला बढ़ाया और कहा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। राहुल ने कहा कि सब जल्दी ठीक हो जाएगा। आप इन हालात से बाहर आने के लिए खूब पढ़ाई करें, खूब खेलें और स्कूल में बहुत सारे दोस्त बनाएं।

पाकिस्तानी गोलाबारी से प्रभावित परिवारों से मुलाकात के बाद राहुल ने कहा कि ये बड़ी त्रासदी है। बहुत से लोगों की जान गई है और उन्हें काफी नुकसान हुआ है। मैंने उनसे बात की, उनकी परेशानियों को समझने की कोशिश की। उन्होंने मुझसे कहा कि वे कुछ मुद्दे राष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहते हैं, और मैं उन्हें जरूर उठाऊंगा।

### भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने क्रॉस-बॉर्डर शेलिंग की थी

पहलगाम की बायसरन घाटी में 22 अप्रैल की दोपहर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी। हमले में 26 टूरिस्ट मारे गए थे। 10 से ज्यादा घायल हुए थे। इसके बाद भारतीय वायु सेना ने 6-7 मई 2025 की रात को कार्रवाई की थी। इसमें पाकिस्तान और कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की गई थी, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े 100 आतंकी मारे गए थे। इस हमले के बाद पाकिस्तान ने क्रॉस-बॉर्डर शेलिंग की थी। पाकिस्तान की गोलाबारी, मिसाइलों और ड्रोन हमलों में 27 लोगों की मौत हो गई थी और 70 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

# 10 लाख का इनामी जेजेएमपी सुप्रीमो पुलिस मुठभेड़ में ढेर

**2 अन्य नक्सली भी मारे गए, लातेहार के ईचाबार जंगल में एनकाउंटर**

**लातेहार।** लातेहार जिले के लिए आतंक का पर्याय बने जेजेएमपी के सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत दो नक्सलियों को पुलिस मुठभेड़ में मार गिराया है। बताया जाता है कि लातेहार थाना क्षेत्र के ईचाबार जंगल में शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में झारखंड जनसंघर्ष मुक्ति मोर्चा का सुप्रीमो पप्पू लोहरा और पांच लाख का इनामी नक्सली सबजोनल कमांडर प्रभात गंझू मारा गया है जबकि एक नक्सली घायल है। जिसे सदर अस्पताल में



इलाज के लिए ले जाया गया है। वहीं सेट वन का जवान घायल हुआ है। उसका नाम अवध सिंह है। घायल जवान को एयर लिफ्ट कर रांची के राज अस्पताल में इलाज के लिए लाया गया है।

### सर्च अभियान के दौरान फायरिंग

सूचना के आधार पर पुलिस और सुरक्षाबलों ने सर्च अभियान शुरू किया। ईचाबार जंगल में उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में 10 लाख रुपए का इनामी पप्पू लोहरा और उसका साथी प्रभात लोहरा मारे गए।

### लातेहार एसपी के नेतृत्व में चला अभियान

जानकारी के मुताबिक लातेहार एसपी कुमार गौरव के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीआरपीएफ और झारखंड पुलिस की टीम शामिल थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि पप्पू लोहरा अपने साथियों के साथ ईचाबार जंगल में कोई बड़ी वारदात करने की योजना बना रहा है।

# पीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर को वित्त मंत्रालय की मंजूरी

**7 करोड़ कर्मचारियों को ट्रांसफर होगी ब्याज की रकम, 1 लाख पर 8,250 रुपए मिलेंगे**

नई दिल्ली। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पीएफ अकाउंट में जमा राशि पर 8.25 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन को इसके लिए मंजूरी दे दी है।

अब देश के 7 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों के पीएफ अकाउंट में ब्याज की रकम ट्रांसफर की जाएगी।

इससे पहले ईपीएफओ के सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टी ने 28 फरवरी को मीटिंग में 8.25 प्रतिशत ब्याज दर बरकरार रखने का फैसला किया था। जो पिछले वित्त वर्ष में दी गई दर के बराबर है। इसके बाद इसे वित्त मंत्रालय को मंजूरी के लिए भेजा गया था।

8.25 प्रतिशत ब्याज दर के हिसाब से अगर आपके ईपीएफ अकाउंट में 1 लाख रुपए जमा हैं, तो इस पर साल में 8,250 रुपए का ब्याज मिलेगा। वहीं पीएफ अकाउंट में 1 अप्रैल 2024 तक (वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ओपनिंग बैलेंस) कुल 5 लाख रुपए जमा हैं।

ऐसे में आपको 8.25 प्रतिशत की ब्याज दर के हिसाब से 5 लाख पर 41,250 रुपए ब्याज के रूप में मिलेंगे।

### हैप्पी मॉर्निंग



पप्पू ने पप्पू से पूछा- तू लड़की देखने गया था, क्या लड़की पसंद नहीं आई? शादी क्यों तोड़ दी? गप्पू- यार लड़की तो सुंदर थी लेकिन उसका कोई बॉयफ्रेंड नहीं था...
पप्पू- तो? गप्पू- जो आज तक किसी की न हो सकी, वो मेरी क्या होगी...



### शायरी

कुछ अब के धूप का ऐसा
मिज़ाज बिगड़ा है
दरख़्त भी तो यहाँ साएबान
माँगते हैं

### अर्थसार

सेंसेक्स:
81,721.08
+769.09 (0.95%)
निफ्टी:
24,853.15
+243.45



### मौसम



अधिकतम : 37 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूर्योदय सोमवार : 5 : 30
सूर्यास्त रविवार : 7 : 11

# 3 भाइयों की गोली मारकर हत्या


**बक्सर में बालू गिराने को लेकर दो गुट भिड़े; गोलीबारी से पहले चले लाठी-डंडे**

एजेंसी

**बक्सर।** बक्सर में शनिवार की सुबह दो पक्षों में झड़प के बाद अंधाधुंध फायरिंग हुई। इस गोलीबारी में 5 लोगों को गोली लगी है, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, दो गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वाले सभी भाई हैं। जो जख्मी हैं, वो भी मृतकों के भाई हैं।

फायरिंग के बाद 2 की मौके पर ही





मौत हो गई, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

वारदात का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दो गुटों में पहले लाठी-डंडे और पत्थरबाजी हो रही है। इसके बाद दूसरे गुट के लोगों ने फायरिंग शुरू कर दी। एक मिनट के वीडियो में 12 बार गोली चलने की आवाज सुनाई दे रही है।

घटना राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में नहर किनारे की है। बताया जा रहा है कि बालू कारोबार को लेकर हुई लड़ाई के बाद बदमाशों ने गोलियां चलाई है।

# झारखंड में टाटा स्टील के मैनेजर का परिवार सहित सुसाइड

- कमरे में लटके मिले 4 शव; कैंसर डिटेक्ट होने के बाद डिप्रेशन में थे
- पुलिस ने कृष्ण कुमार के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। बताया जा रहा है कि इसमें पैसे के लेनदेन का जिक्र है।

जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)। झारखंड के जमशेदपुर में टाटा स्टील के सीनियर मैनेजर कृष्ण कुमार ने पत्नी और दो बेटियों समेत सुसाइड कर लिया। चारों के शव एक कमरे में फंदे से लटके मिले। बताया जा रहा है कि 16 दिन पहले ही कृष्ण कुमार के कैंसर से पीड़ित होने का पता चला था।

कृष्ण कुमार के पिता सुविंदा तिवारी ने बताया, शुक्रवार सुबह देर तक बेटे-बहू का गेट नहीं खुला। वे लोग देर से उठते थे, इसलिए ध्यान नहीं दिया। हम अपनी दवा लेने टीएमएच चले गए। लौटने पर शाम तक घर में कोई नहीं दिखा तो अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा अंदर से बंद था। पुलिस को सूचना दी।

उन्होंने दरवाजा खोला तो चारों फंदे पर



लटके मिले। पुलिस ने कृष्ण कुमार के कमरे से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है। बताया जा रहा है कि इसमें पैसे के लेनदेन का जिक्र है। हालांकि, पुलिस ने इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

घटना जमशेदपुर के गम्हरिया के चित्रगुप्त नगर की है।

मैनेजर के अलावा शवों की पहचान उनकी पत्नी डॉली देवी (35), बड़ी बेटी कृति कुमारी (13) और छोटी बेटी मइया (7) के रूप के रूप में हुई।

पिता सुविंदा तिवारी ने बताया कि वे बेटे कृष्ण को इलाज के लिए मुंबई ले गए थे।

वहां डॉक्टरों ने कीमोथेरेपी कराने को कहा तो जमशेदपुर आ गए, क्योंकि यह सुविधा वहां उपलब्ध है। बेटे को टीएमएच में भर्ती कराने के लिए उन्होंने कंपनी में आवेदन दिया था, लेकिन कृष्ण डिप्रेशन में रहने लगा था।

# गुजरात बॉर्डर पर पाक घुसपैठिया मारा गया

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** भारतीय सीमा में घुस रहे पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ ने मार गिराया है। घटना 23 मई की रात की है। शनिवार सुबह सिक्योरिटी फोर्स ने इसकी जानकारी दी। बीएसएफ ने बताया, गुजरात के बनासकांठा जिले में जवानों ने एक संदिग्ध व्यक्ति को इंटरनेशनल बॉर्डर पार करते देखा। उसे रुकने के लिए कहा गया, जब वह नहीं रुका तो गोली चलानी पड़ी।

उधर गुजरात एटीएस ने कच्छ से एक पाकिस्तानी जासूस सहदेव सिंह गोहिल को भी अरेस्ट किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने कच्छ सीमा के संवेदनशील इलाकों की तस्वीरें पाकिस्तान भेजी थीं। ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने और पाकिस्तान की सच्चाई बताने के लिए भारत से अब तक 5 डेलीगेशन दुनिया के कई देशों के लिए रवाना हो चुके हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाला डेलीगेशन शनिवार सुबह दिल्ली से रवाना हुआ। ये डेलीगेशन संयुक्त राज्य अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया सहित पांच देशों का दौरा करेगा। वहीं बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व वाला डेलीगेशन शनिवार को बहरीन पहुंचा। इसमें भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम सिंह संधू सांसद, गुलाम नबी आजाद और एंबेसडर हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

**खुलासा** | फर्जी कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों को ठगते थे, खुद को अमेजन सपोर्ट-बैंक अधिकारी बताते थे

# आंध्र प्रदेश में 600 करोड़ के स्कैम का हुआ खुलासा

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले के इंडस्ट्रीयल एरिया अच्युतपुरम में इंटरनेशनल फर्जी कॉल सेंटर खुलासा हुआ है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में 33 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें दो मास्टरमाइंड भी हैं। पुलिस ने कहा है कि कॉल सेंटर ऑपरेट करने वालों ने पिछले 2 साल में करीब 600 करोड़ की धोखाधड़ी की है। ज्यादातर अमेरिकी नागरिकों को निशाना बनाया गया है। शुक्रवार को अनकापल्ली डीएसपी विष्णु स्वरूप ने कहा कि 22 मई को लोकल रेवेन्यू ऑफिसर और गुप्त सूचना के आधार पर तीन जगहों पर रेड मारी गई थी। मौके से 3 लाख



कैश, कंप्यूटर, नेटवर्क डिवाइस, लग्जरी कार और दूसरा सामान बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, इन जगहों पर कम्पलीट कॉल सेंटर ऑपरेट किया जा रहा था। अमेजन सपोर्ट और वॉयस ओवर इंटरनेट प्रोटोकॉल के जरिए धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा रहा था।

पुलिस ने बताया कि कॉल सेंटर के ऐसे लोगों को ढूंढा जाता था जिन्हें नौकरी की तलाश होती थी। इसके लिए बकायदा ऑनलाइन जॉइनिंग प्रोसेस कराई जाती थी। इनमें ज्यादातर लोग नॉर्थ ईस्ट राज्यों के होते थे। इन्हें रहने और खाने-पीने की सुविधा दी जाती थी। इसके बाद सभी को करीब एक हफ्ते तक कॉल सेंटर की वर्किंग के लिए ट्रेंड किया जाता था। इन्हें हाईटेक इक्विपमेंट का यूज करना सिखाया जाता था। इसके बाद ये लोग अमेरिकी नागरिकों की फाइनेंशियल डिटेल निकालते थे। उन्हें फेक कॉल करते थे।

### 5 स्टैप में स्कैम को अंजाम दिया जाता था

5 स्टेप में स्कैम को अंजाम दिया जाता था। कॉलर अमेरिकी नागरिकों को खुद को अमेजन सपोर्ट में काम करने वाला बताता था। इसके अलावा अमेरिका का किसी बैंक का एम्पलॉयी या बड़ा अधिकारी बताता था। इसके बाद स्कैमर्स अमेरिकी नागरिकों को गिफ्ट कार्ड रिडेम्पशन समेत दूसरे लालच देते थे। जो लोग इनकी बातों में फंस जाते थे उन्हें कहा जाता कि गिफ्ट कार्ड खरीदें।

उन्हें कोड शेयर करने का कहा जाता। जैसे ही लोग कोड शेयर करते वे इनके जाल में फंस जाते।

स्कैमर्स इंटरनेशनल चैनल्स का यूज करके इन्हें दूसरे स्कैमर्स को भेजते। पांचवी और आखिरी सुपर लेयर (स्टेप) वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क जो नकली नंबरों के जरिए मनी लॉन्ड्रिंग को संभालती थी।

# संपादकीय

## प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) : सरकार का हथियार या कानून का रक्षक?



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

प्रवर्तन निदेशालय (Enforcement Directorate - ED), भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधीन कार्यरत एक विशेष जांच एजेंसी है, जिसकी स्थापना 1956 में विदेशी मुद्रा विनियमन अधिनियम (FERA) के उल्लंघन की जांच के लिए की गई थी। वर्तमान में यह मुख्य रूप से धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 और विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (FEMA), 1999 को लागू करने की जिम्मेदारी निभाती है।

### ईडी का उद्देश्य और शक्ति

ईडी को आर्थिक अपराधों जैसे मनी लॉन्ड्रिंग, विदेशी मुद्रा उल्लंघन, और काले धन की जांच के लिए शक्तियां दी गई हैं। सुप्रीम कोर्ट भी इसके गिरफ्तारी और संपत्ति ज़ब्ती जैसे अधिकारों को संवैधानिक मान्यता दे चुका है। परंतु सवाल यह है कि क्या इन शक्तियों का उपयोग अपराधियों को सजा दिलाने में हो रहा है, या फिर यह एजेंसी राजनीतिक एजेंडे को साधने का माध्यम बन गई है?

### राजनीतिक विपक्ष बनाम ईडी

पिछले कुछ वर्षों में ईडी की कार्यशैली पर बार-बार सवाल उठे हैं, विशेषकर तब जब इसके निशाने पर अधिकांशतः विपक्षी दलों के नेता रहे हैं। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ, या पार्थ चटर्जी जैसे नेताओं पर कार्रवाई ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया। आलोचकों का आरोप है कि ईडी को 'इलेक्शन डिपार्टमेंट' की तरह उपयोग किया जा रहा है — चुनावों से पहले छापेमारी, मीडिया ट्रायल, और फिर वर्षों तक मुकदमों में ठहराव।

### कानूनी सफलता और असफलता

मार्च 2025 में संसद में प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में ईडी ने 193 नेताओं पर केस दर्ज किए, परंतु मात्र 2 को ही सजा दिला सकी। यह आँकड़ा इस बात की ओर इशारा करता है कि या तो जांच सतही है, या फिर उसका उद्देश्य सजा नहीं, बल्कि डर पैदा करना है।

### समर्थन और तर्क

ईडी के समर्थकों का तर्क है कि यह एजेंसी भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई कर रही है। वक्फ संपत्तियों, पीएफआई, एसडीपीआई जैसे मामलों में की गई कार्रवाइयां इसके सक्रिय और प्रभावशाली रवैये का प्रमाण हैं। मनी लॉन्ड्रिंग के नेटवर्क को तोड़ने के लिए गिरफ्तारी और संपत्ति ज़ब्ती जैसे कदम ज़रूरी हैं।

### पक्षपात और दुरुपयोग के आरोप

परंतु सवाल यह भी है कि ईडी की सक्रियता सिर्फ गैर-भाजपा शासित राज्यों तक क्यों सीमित दिखती है? क्या भाजपा शासित राज्यों में कोई आर्थिक अपराध नहीं होते? डिजिटल अरेस्ट स्कैम जैसे मामलों में तो ठगों ने ईडी का नाम ही डराने के लिए इस्तेमाल किया — जो इसकी छवि को और संदिग्ध बनाता है।

### निष्कर्ष : एक संतुलित एजेंसी की आवश्यकता

ईडी जैसी एजेंसी लोकतंत्र में बेहद आवश्यक है, बशर्ते वह निष्पक्ष, पारदर्शी और न्यायसंगत ढंग से कार्य करे। यदि यह सत्ता के हितों का हथियार बन जाएगी, तो कानून पर जनता का विश्वास डगमगा जाएगा। सरकार को चाहिए कि वह ईडी की कार्यप्रणाली को संस्थागत सुधारों के ज़रिए स्वतंत्र, पारदर्शी और जवाबदेह बनाए — ताकि यह कानून का रक्षक बने, सरकार का हथियार नहीं।

## चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी-समावेशी बनाने का प्रयास

भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में मतदाता सूची में इलेक्टर्स फोटो आइडेंटिटी कार्ड यानी ईपीआईसी नंबरों की डुप्लिकेशन समस्या को हल करने के लिए नए पहचान पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय लगभग दो दशक पुरानी एक तकनीकी समस्या को संबोधित करता है, जिसमें विभिन्न राज्यों के मतदाताओं को गलती से एक जैसे ईपीआईसी नंबर आवंटित हो गए थे। इसके परिणामस्वरूप मतदान के दौरान भ्रम की स्थिति उत्पन्न हुई, कुछ मत अमान्य घोषित किए गए, और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगने लगे।

ईपीआईसी नंबर, जिसे आमतौर पर वोटर आईडी के रूप में जाना जाता है, भारतीय मतदाताओं की पहचान का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। यह प्रत्येक मतदाता को मतदाता सूची में एक विशिष्ट पहचान प्रदान करता है, जो निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए आवश्यक है। निर्वाचन आयोग ने इस समस्या के समाधान के लिए नए और अद्वितीय ईपीआईसी नंबरों के साथ मतदाता पहचान पत्र जारी करने का निर्णय लिया है। यह कदम मतदाता डेटाबेस को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। इस निर्णय का प्रभाव केवल तकनीकी सुधार तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह भारतीय राजनीति और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता को भी सुदृढ़ करेगा।

डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों की समस्या ने मतदाता सूची की सटीकता पर गंभीर प्रश्न खड़े किए थे। नए पहचान पत्रों के जारी होने से मतदाता डेटाबेस अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बन सकेगा, जिससे निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और कार्यक्षमता को बल मिलेगा तथा मतदाताओं का विश्वास और बढ़ेगा। पूर्व में, डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के कारण कई मतदाताओं को मतदान करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, और कुछ मामलों में उनके मत अमान्य कर दिए जाते थे। अब, नए और अद्वितीय ईपीआईसी नंबरों के माध्यम से मतदाताओं को अपनी पहचान सत्यापित करने में सुविधा होगी, जिससे मतदान प्रक्रिया अधिक सुचारु और समावेशी बन सकेगी।

यह निर्णय निर्वाचन आयोग के डिजिटल और तकनीकी आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डुप्लिकेशन की समस्या को समाप्त करने के लिए डेटाबेस को अद्यतन करने और एक केंद्रीकृत प्रणाली को अपनाने की आवश्यकता थी। यह भविष्य में अन्य तकनीकी सुधारों— जैसे आधार से मतदाता सूची को जोड़ने या बायोमेट्रिक सत्यापन को लागू करने — के लिए आधार प्रदान कर सकता है। साथ ही, यह निर्णय चुनावी धोखाधड़ी, जैसे फर्जी मतदान, को रोकने में सहायक सिद्ध होगा।

ईपीआईसी नंबर डुप्लिकेशन का मुद्दा हाल के महीनों में राजनीतिक विवाद का केंद्र रहा है। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस जैसे विपक्षी दलों ने इस मुद्दे को उठाकर निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्न उठाए थे। उनका आरोप था कि अन्य राज्यों के मतदाताओं के ईपीआईसी नंबरों का उपयोग करके फर्जी मतदान किया जा रहा है।

इस समस्या के समाधान से आयोग अपनी साख में सुधार ला सकता है और राजनीतिक दलों के बीच विश्वास पुनः स्थापित कर सकता है। हालांकि, कुछ दल इस मुद्दे का राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास करते रह सकते हैं, लेकिन अब यह मुद्दा पहले की तुलना में कम प्रासंगिक रहेगा।

# किशोरों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति गंभीर चुनौती

ललित गर्ग

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे।



भारतीय बच्चों में बढ़ रही हिंसक प्रवृत्ति एवं क्रूर मानसिकता चिन्ताजनक है, नये भारत एवं विकसित भारत के भाल पर यह बदनुमा दाग है। पिछले कुछ समय से स्कूली बच्चों में बढ़ती हिंसा की प्रवृत्ति निश्चित रूप से डरावनी, मर्मांतक एवं खौफनाक है। चिंता का बड़ा कारण इसलिए भी है क्योंकि जिस उम्र में बच्चों के मानसिक और सामाजिक विकास की नींव रखी जाती है, उसी उम्र में कई बच्चों में आक्रामकता एवं क्रूर मानसिकता घर करने लगी है और उनका व्यवहार हिंसक होता जा रहा है। कैथल जनपद के गांव धनौरी में दो किशोरों की निर्मम एवं क्रूर हत्या की हृदयविदारक घटना न केवल उद्वेलित एवं भयभीत करने वाली है बल्कि चिन्ताजनक है। चौदह-पंद्रह साल के दो किशोरों की गला रेतकर हत्या कर देना और वह भी उनके हमउम्र साथियों द्वारा, हर संवेदनशील इंसान को हिला देने वाली डरावनी एवं खैफनाक घटना है, जो किशोरों में पनप रहे हिंसक बर्ताव एवं हिंसक मानसिकता का घिनौना एवं घातक रूप है। जिस उम्र में बच्चों को पढ़ाई-लिखाई और खेलकूद में व्यस्त रहना चाहिए, उसमें उनमें बढ़ती आक्रामकता, हिंसा एवं क्रूरता एक अस्वाभाविक और परेशान करने वाली बात है। जाहिर है दसवीं-ग्यारहवीं के छात्रों की क्रूर हत्या हमारे समाज में बढ़ती संवेदनहीनता को भी दर्शाती है। ऐसी कई अन्य घटनाओं में स्कूल में पढ़ने वाले किसी बच्चे ने अपने सहपाठी पर चाकू या किसी घातक हथियार से हमला कर दिया और उसकी जान ले ली। अमेरिका की तर्ज पर भारत के बच्चों में हिंसक मानसिकता का पनपना हमारी शिक्षा, पारिवारिक एवं सामाजिक संरचना पर कई सवाल खड़े करती है।

जैसाकि घटना से संबंधित तथ्यों में बताया गया कि हत्या में शामिल युवक धनौरी गांव के ही थे और कुछ दिन पहले किशोरों को धमकाने उनके घर आए थे। मारे गए किशोरों पर हत्या आरोपियों ने आरोप लगाया था कि वे उनकी बहनों से छेड़खानी करते थे। निश्चय ही ऐसे छेड़खानी के कथित आरोप को नैतिक दृष्टि से अनुचित ही कहा जाएगा, लेकिन उसका बदला हत्या कदापि नहीं हो सकती। यह दुखद है कि एक मृतक किशोर अरमान पांच बहनों का अकेला भाई था। घटना से उपजी त्रासदी से अरमान के परिवार पर हुए वज्रपात को सहज महसूस किया जा सकता है। उनके लिये जीवनभर न भुलाया जा सकने वाला दुख एवं संत्रास पैदा हुआ है। बड़ा सवाल है कि जिन वजहों से बच्चों के भीतर आक्रामकता एवं हिंसा पैदा हो रही है, उससे निपटने के लिए क्या किया जा रहा है? पाठ्यक्रमों का स्वरूप, पढ़ाई-लिखाई के तौर-तरीके, बच्चों के साथ घर से लेकर स्कूलों में हो रहा व्यवहार, उनकी रोजमर्रा की गतिविधियों का दायरा, संगति, सोशल मीडिया या टीवी से लेकर सिनेमा तक उसकी सोच-समझ को प्रभावित करने वाले अन्य कारकों से तैयार होने वाली उनकी मन:स्थितियों के बारे में सरकार, समाजकर्मी एवं अभिभावक क्या समाधान खोज रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?

बहरहाल, इस हृदयविदारक एवं त्रासद घटना ने नयी बन रही समाज एवं परिवार व्यवस्था पर अनेक सवाल खड़े किये हैं। सवाल नये बन रहे समाज की नैतिकता एवं चरित्र से भी जुड़े हैं। निश्चित ही किसी परिवार की उम्मीदों का यूं कत्ल होना मर्मांतक एवं खौफनाक ही है। लेकिन सवाल ये है कि चौदह-पंद्रह साल के किशोरों पर यूं किन्हीं लड़कियों को छेड़ने के आरोप क्यों लग रहे हैं? पढ़ने-लिखने की उम्र में ये सोच कहां से आ रही है? क्यों हमारे अभिभावक बच्चों को ऐसे संस्कार नहीं दे पा रहे हैं ताकि वे किसी की बेटी व बहन को यूं परेशान न करें? क्यों लड़कियों से छेड़छाड़ की अश्लील एवं कामूक घटनाएं बढ़ रही है। क्या हमारी शिक्षा व्यवस्था में नैतिक शिक्षा का वह पक्ष उपेक्षित हो चला है, जो उन्हें ऐसा करने से रोकता है? क्या शिक्षक छात्रों को सदाचारी व नैतिक मूल्यों का जीवन जीने की प्रेरणा देने में विफल हो रहे हैं? हत्या की घटना हत्यारों की मानसिकता पर भी सवाल उठाती है कि उन्होंने क्यों सोच लिया कि छेड़खानी का बदला हिंसा एवं क्रूरता से गला काटना हो सकता है? धनौरी की घटना के पूरे मामले की पुलिस अपने तरीके से जांच करेगी, लेकिन किशोर अवस्था में ऐसी घटना को अंजाम देने के पीछे बच्चे की मानसिकता का पता लगाना भी ज्यादा जरूरी है। दरअसल, दशकों तक बॉलीवुड की हिंदी फिल्मों ने समाज एवं विशेषतः किशोर पीढ़ी में जिस अपसंस्कृति का प्रसार किया, आज हमारा समाज उसकी त्रासदी झेल रहा है। इसमें दो राय नहीं कि किशोरवय में राह भटकने का खतरा ज्यादा रहता है। अब तक हिन्दी सिनेमा से समाज के किशोरवय और युवाओं में गलत संदेश गया कि निजी जीवन में छेड़खानी ही प्रेम कहानी में तब्दील हो सकती है। हमारे टीवी धारावाहिकों की संवेदनहीनता ने गुमराह किया है। बॉक्स आफिस की सफलता और टीआरपी के खेल ने मनोरंजक कार्यक्रमों में ऐसी नकारात्मकता एवं हिंसक प्रवृत्ति भर दी कि किशोरों में हिंसक एवं अराजक सोच पैदा हुई। इंटरनेट के विस्तार और सोशल मीडिया के प्रसार से स्वच्छंद यौन व्यवहार का ऐसा अराजक एवं अनियंत्रित रूप सामने आया कि जिसने किशोरों व युवकों को पथभ्रष्ट एवं दिग्भ्रमित करना शुरू कर दिया। आज संकट ये है कि हर किशोर के हाथ में आया मोबाइल उसे समय से पहले वयस्क बना रहा है। जिस पर न परिवार का नियंत्रण है और न ही शिक्षकों का। 'मन जो चाहे वही करो' की मानसिकता वहां पनपती है जहां इंसानी रिश्तों के मूल्य समाप्त हो चुके होते हैं, जहां व्यक्तिवादी व्यवस्था में बच्चे बड़े होते-होते स्वछन्द हो जाते हैं। अर्थप्रधान दुनिया में माता-पिता के पास बच्चों के साथ बिताने के लिए समय ही नहीं बच पा रहा।

आज किशोरों एवं युवाओं को प्रभावित करने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व नये-नये एप पश्चिमी अपसंस्कृति से संचालित हैं। इन पर अश्लीलता और यौन-विकृतियों वाले कार्यक्रमों का बोलबाला है। ऐसे कार्यक्रमों की बाढ़ हैं जिनमें हमारे पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों में स्वच्छंद यौन व्यवहार को हकीकत बनाने का खेल चल रहा है। पारिवारिक एवं सामाजिक उदासीनता एवं संवादहीनता से ऐसे बच्चों के पास सही जीने का शिष्ट एवं अहिंसक सलीका नहीं होता।


वक्त की पहचान नहीं होती। ऐसे बच्चों में मान-मर्यादा, शिष्टाचार, संबंधों की आत्मीयता, शांतिपूर्ण सहजीवन आदि का कोई खास ख्याल नहीं रहता। भौतिक सुख-सुविधाएं एवं यौनाचार ही जीवन का अंतिम लक्ष्य बन जाता है। भारतीय बच्चों में इस तरह का एकाकीपन उनमें गहरी हताशा, तीव्र आक्रोश और विषैले प्रतिशोध का भाव भर रहा है। वे मानसिक तौर पर बीमार बन रहे हैं, वे आत्मघाती-हिंसक बन रहे हैं और अपने पास उपलब्ध खतरनाक एवं घातक हथियारों का इस्तेमाल कर हत्याकांड कर बैठते हैं।

ऑस्ट्रिया के क्लागेनफर्ट विश्वविद्यालय की ओर से किशोरों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि दुनिया भर में 35.8 प्रतिशत से ज्यादा किशोर मानसिक तनाव, अनिद्रा, अकारण भय, पारिवारिक अथवा सामाजिक हिंसा, चिड़चिड़ापन अथवा अन्य कारणों से जूझ रहे हैं। एकाकीपन बढ़ने से वे ज्यादा आक्रामक और विध्वंसक सोच की तरफ बढ़ने लगे हैं। मोबाइल व कथित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बह रहे नीले जहर से किशोर अराजक यौन व्यवहार एवं हिंसक प्रवृत्तियों की तरफ उन्मुख हुए हैं। किशोरों को समझाने वाला कोई नहीं है कि यह रास्ता आत्मघात का है। आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड व ब्रिटेन जैसे देश किशोरों को मोबाइल से दूर रखने हेतु कानून बना रहे हैं। हमारे देश में भी शीर्ष अदालत ने समय-समय पर ऐसी घटनाओं पर तल्ख टिप्पणियां की हैं। क्या इन दर्दनाक घटनाओं से हमारे अभिभावकों, समाज-निर्माताओं एवं हमारे सत्ताधीशों की आंख खुलेगी? बच्चों से जुड़ी हिंसा की इन वीभत्स एवं त्रासद घटनाओं से जिन्दगी सहम गयी है। हमें मानवीय मूल्यों के लिहाज से भी विकास एवं नयी समाज-व्यवस्था की परख करनी होगी। बच्चों के भीतर हिंसा मनोरंजन की जगह ले रही है।

इसी का नतीजा है कि छोटे-छोटे स्कूली बच्चे भी अपने किसी सहपाठी की हत्या तक कर रहे हैं। बच्चों के व्यवहार और उनके भीतर घर करती प्रवृत्तियों पर मनोवैज्ञानिक पहलू से विचार किए बिना समस्या को कैसे दूर किया जा सकेगा?


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3540




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



### काकुरो - 3539 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दारोगा (रमेश से)- जब तुम्हारे यहां चोरी हुई, उस समय कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- हम पर चार लट्ठ और हमारे भाई पर दो लट्ठ बजे थे.
दारोगा (रमेश से)- अरे मै घड़ी का पूछ रहा हूं उसमे कितना बजा था?
रमेश (दारोगा से)- साहब घड़ी तो एक ही लट्ठ बजने पर टूट गई.

□ □ □

महेश (संजय से) - मुझे खुशी इस बात की है कि मेरा बॉस एक डॉक्टर है.
संजय (महेश से) - ऐसी क्या खासियत है आपके बॉस में?
महेश (संजय से) - मैं थोड़ा भी बीमार पड़ता हूं, तो वह मुझे फौरन बेड रेस्ट की सलाह दे देता है.


□ □ □

दो मूर्ख वार्तालाप कर रहे थे.
पहला बोला- 'यदि वृक्ष पर हाथी चढ़ जाए और वहां से नीचे उतरना चाहे तो उसे क्या करना चाहिए?'
दूसरा मूर्ख बोला- 'हाथी को वृक्ष की टहनी पर बैठकर पतझड़ के आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए.'

□ □ □

राम (मोहन से)- क्या कर रहे हो?
मोहन- दोस्त को पत्र लिख रहा हूं.
राम- लेकिन तुम्हें लिखना नहीं आता.
मोहन (राम से)- तो मेरे दोस्त को कौन सा पढ़ना आता है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3540



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरूद्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लकी अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3539



## सूडोकु -3540


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 9 |
| 3 | | | | 2 | | | 5 | |
| | | | 1 | | | | 8 | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | 7 | | | | 9 | | | |
| | 6 | | | 3 | | | | 2 |
| 9 | | | | | | | | 1 |
| | | | 8 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु - 3539 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 3 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 |
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 | 3 |
| 5 | 8 | 7 | 6 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 |
| 1 | 5 | 9 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 8 |

## शब्द पहेली - 3540



**बाएँ से दाएँ**

1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली - 3539 का हल



# यूपी में कोरोना का 5वां मरीज मिला

## गाजियाबाद में 4 और नोएडा में एक केस



नोएडा/गाजियाबाद। एक दिन पहले गाजियाबाद में कोरोना के चार पेशेंट मिले थे। इसमें एक मरीज का प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, जबकि तीन अन्य मरीजों को घर में आइसोलेट कर दिया गया है। गाजियाबाद के जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. आरके गुप्ता ने बताया था- कोरोना पॉजिटिव पेशेंट में 71 वर्षीय बुजुर्ग, उनकी 64 वर्षीय पत्नी, एक 18 वर्षीय युवती और एक 37 वर्षीय महिला शामिल हैं। इधर, सीएम योगी ने 22 मई को कोविड-19 के नए उपवेरिएंट जेएन.1 के बढ़ते मामलों के बीच हाईलेवल बैठक की। उन्होंने यूपी में कोविड संक्रमण की स्थिति की समीक्षा की। कहा- वर्तमान में उत्तर प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण को लेकर चिंता जैसी कोई बात नहीं है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए सावधानी और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।

गाजियाबाद के बृज विहार की 18 वर्षीय युवती को खांसी, जुकाम और बुखार की शिकायत थी। जांच में कोविड पॉजिटिव पाए जाने के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनकी कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं मिली है। वहीं, वसुंधरा में रहने वाले एक दंपती 13 मई को बेंगलुरु से लौटा था, दोनों को खांसी और बुखार की शिकायत थी। उन्हें होम आइसोलेशन में रखा गया है। जबकि वैशाली की 37 वर्षीय महिला को भी चार-पांच दिन से खांसी-जुकाम था। डॉक्टर की सलाह पर कराई गई जांच में वह भी कोविड पॉजिटिव पाई गई। वह भी होम आइसोलेशन में है।

### एनसीआर में अब तक 9 मरीजों में कोरोना की पुष्टि

शुक्रवार को आई रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुग्राम और फरीदाबाद में दो नए कोरोना के मरीजों की पुष्टि हुई है। गुरुग्राम में अब तीन और फरीदाबाद में दो मरीज कोरोना की चपेट में आ गए हैं।

इस तरह से गाजियाबाद को मिलाकर अब एनसीआर में कोरोना के 10 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है।

# नोएडा में करंट से बच्ची की मौत

## खंभे में उतर आया था करंट, घर से 100 मीटर दूर हुई घटना

नोएडा। भंगेल में कन्या इंटर कालेज के पास निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के नीचे बिजली के खंभे में उतर रहे करंट की चपेट में आकर 12 साल की बच्ची की मौत हो गई। परिजनों ने शुक्रवार को बच्ची का अंतिम संस्कार किया।

अभी तक मृतक बच्ची के परिजनों ने फेज दो थाने की पुलिस से मामले की शिकायत नहीं की है। पुलिस शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। फेज दो थाना प्रभारी ने बताया कि मूलरूप से लखीमपुर खीरी के रहने वाले हनीफ वर्तमान में भंगेल की झुग्गी में परिवार के साथ रहते हैं। वह निर्माण कार्य समेत अन्य काम करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। उनके चार बच्चे थे। चारों में सोनिया सबसे छोटी थी। सोनिया शुक्रवार सुबह नौ बजे के करीब घर से निकलकर पास की दुकान पर सामान लेने जा रही थी। वह रास्ते में खेलते-खेलते जा रही थी।

### घर से 100 मीटर दूर लगा करंट

घर से करीब 100 मीटर की दूरी पर कन्या इंटर कालेज के पास जब वह पहुंची तभी वहां पर बिजली खंभे के पास रखी लोहे की सीढी से उसका हाथ छू गया। बच्ची एकाएक सड़क पर गिर गई।

लोगों का कहना है कि खंभे को छूने पर करंट लगा था। लोगों ने शोर मचाते हुए बिजली कटवाई। सीढ़ी और खंभे के बीच पड़ी बच्ची को उठाकर स्थानीय लोगों ने नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# शार्ट न्यूज

## घर पर दिखाने के बहाने लेकर गया सोने के जेवर, आरोपी हुआ रफूचक्कर, जांच मे जुटी पुलिस

ग्रेटर नोएडा। कस्बा जेवर के एक ज्वैलर्स के साथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जहां एक परिचित व्यक्ति सोने के कीमती आभूषण उधार लेकर रफूचक्कर हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बता दे कि राकेश वर्मा ने बताया कि वह कस्बा जेवर बाजार में प्रेमचंद राकेश वर्मा ज्वैलर्स के नाम से आभूषणों की दुकान चलाते हैं। 17 अप्रैल को उनका परिचित व्यक्ति उमेश उर्फ कालू निवासी आरआर कॉलोनी दुकान पर आया। उमेश ने बताया कि उसके घर में शादी है। सोने के गहनों की जरूरत है। उसने राकेश वर्मा से 3 नेकलेस, 2 चेन और 1 कंटी लेकर कहा कि वह घर जाकर परिजनों से पसंद करवा लेगा और जो पसंद आएगा वहीं खरीद लेगा बाकी वापस लौटा देगा। राकेश वर्मा ने पुराने परिचय के चलते उस पर भरोसा कर लिया और गहने सौंप दिए, लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी जब उमेश वापस नहीं आया। इसके बाद राकेश वर्मा खुद उमेश के घर पहुंचे। जहां मकान पर ताला लगा मिला। जेवर कोतवाली पुलिस ने करीब एक माह बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर चोरी

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर चोरी की वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के दो पोल से सामान चुरा लिया। चोरों ने केबिनेट तोड़कर 8 बैटरी, एक सोलर इन्वर्टर और एक मीडिया कनवर्टर चोरी किया। यह वारदात शुक्रवार देर रात को हुई। एक्सप्रेसवे के सेफ्टी ऑफिसर पंकज गौतम को शनिवार को इसकी जानकारी मिली। सेफ्टी ऑफिसर ने शनिवार शाम को दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे पर निगरानी के लिए जगह-जगह पोलों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करेगी।

## नोएडा में किसान पर हमला

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में रामपुर खादर गांव के एक किसान पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 7 अप्रैल को हुई थी, जब पीड़ित अनिल अपने खेत से ट्रैक्टर लेकर घर जा रहे थे। पड़ोसी नकुल और अजय ने अपने परिवार के 2 अन्य सदस्यों के साथ मिलकर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों को उनका एक पैर काटना पड़ा। पीड़ित का कहना है कि आरोपी उनसे रंजिश रखते हैं। इसी कारण उन्होंने हमला किया। पुलिस ने एक महीने पहले मुख्य आरोपी नकुल को गिरफ्तार किया था। अब दूसरे आरोपी अजय को भी शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## ऑपरेशन सिंदूर की याद में तिरंगा यात्रा

जेवर। ग्रेटर नोएडा के बिलासपुर में शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को याद करते हुए तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तिरंगा यात्रा कस्बे के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। मार्ग में जगह-जगह लोग यात्रा में शामिल हुए और भारत माता के जयकारे लगाए। बिलासपुर नगर अध्यक्ष पति संजय तुगलपुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान की अमर गाथा है। कार्यक्रम में शामिल लोगों का कहना था कि इस आयोजन ने शहीदों के सम्मान को नया आयाम दिया है। साथ ही युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को मजबूत किया है। यात्रा का समापन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पार्क में हुआ। यह तिरंगा यात्रा ऑपरेशन सिंदूर के अमर जवानों की स्मृति को जीवंत रखने का प्रयास है।

## नोएडा में गोवंश पर तेजाब हमला

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में गोवंश पर तेजाब से हमले का मामला सामने आया है। घटना मंडपा गांव के पास हुई। गौरक्षकों को जानकारी मिलने पर उन्होंने घायल गोवंश का इलाज कराया। गौरक्षा प्रमुख राष्ट्रीय बजरंग दल के त्रिलोक नागर ने शनिवार को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोवंश पर तेजाब छिड़क दिया। इससे पहले 7 मई को भी एक गोवंश पर इसी तरह का हमला हुआ था। त्रिलोक नागर ने बताया कि पिछले कई महीनों से मंडपा गांव के आसपास गोवंशों पर तेजाब से हमले के मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने कहा कि शिकायत दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा से फर्रुखाबाद के लिए बस चलनी शुरू

नोएडा। नोएडा डिपो से फर्रुखाबाद के लिए बस चलनी शुरू हो गई है। यह बस दिल्ली के आनंद विहार होकर फर्रुखाबाद पहुंचती है। बीते हफ्ते इस रूट को शुरू किया गया। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम गौतमबुद्ध नगर के क्षेत्रीय प्रबंधक मनोज कुमार ने कहा कि ग्रेटर नोएडा डिपो से फर्रुखाबाद के लिए बस थी, लेकिन नोएडा डिपो से इसकी सुविधा नहीं थी। डिपो को 80 नई बसें मिलनी हैं, जिसके मॉडल के तौर पर एक नई बस बीते हफ्ते मुख्यालय से मिली। इस बस को दो दिन पहले फर्रुखाबाद के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि नोएडा डिपो से बस सुबह सात बजे निकलती है ।बस दादरी, लाल कुआं, एटा होते हुए फर्रुखाबाद पहुंचती है। वहीं, फर्रुखाबाद से बस शाम चार से पांच बजे के बीच चलती है। बस में यात्रियों की संख्या काफी अच्छी है, इसलिए इसे रोजाना चलाया जा रहा है। बस का प्रति यात्री किराया 331 रुपये है।

## बिजली कटौती से जल्द राहत मिलेगी

नोएडा। सेक्टर-122 के आसपास के सेक्टर के दस हजार उपभोक्ताओं को बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। यहां जेजे कॉलोनी स्थित 33/11 केवीए बिजली उपकेंद्र पर चेन्नई से दस एमवीए ट्रांसफार्मर लाकर लगाया जाएगा। इससे उपकेंद्र की क्षमता तीन गुना अधिक हो जाएगी। विद्युत निगम का सेक्टर-122 में 33/11 केवीए का बिजली उपकेंद्र है। गर्मी में यह उपकेंद्र पूरी तरह ओवरलोड चल रहा है। इसके लोड को कम करने के लिए सेक्टर-122 के जेजे कॉलोनी में नया 33/11 केवीए का बिजली उपकेंद्र बनाया गया ।पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाकर उपकेंद्र शुरू किया गया। फिर भी ओवर लोड की समस्या खत्म नहीं हो सकी। इस वजह से भीषण गर्मी में बिजली की मांग में बढ़ोतरी होने की वजह से क्षेत्र के उपभोक्ताओं को बिजली कटौती के साथ ही वोल्टेज की समस्या भी झेलनी पड़ रही है।

## दोस्तों के साथ नहाने गया युवक नहर में डूबा

ग्रेटर नोएडा। मिलक करीमाबाद पुल के पास नहर में शुक्रवार शाम दोस्तों के साथ नहाने गया एक युवक पानी के तेज बहाव में डूब गया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घंटों तलाश की। लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल सका। नाराज ग्रामीणों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले को शांत कराया। एनडीआरएफ की मदद से डूबे युवक की तलाश जारी है। बता दे कि दस्तमपुर निवासी ब्रजेश, विमल, टीटू और निशु शाम को गांव से सटे मिलक करीमाबाद पुल के पास शुक्रवार शाम सात बजे नहर में नहाने पहुंचे थे। चारों दोस्त नहर में उतरे ही थे कि अचानक पानी का तेज बहाव तीन को बहा ले गया। इस दौरान टीटू ने साहस दिखाते हुए किसी तरह विमल और निशु को बाहर निकाल लिया, लेकिन ब्रजेश तेज बहाव में बहता चला गया। घटना की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए युवक की तलाश शुरू कर दी गई। देर शाम तक जब कोई सुराग नहीं मिला। उधर घटना के बाद जिला प्रशासन की ओर से कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। ग्रामीणों ने रात आठ बजे गढ़ी-परौरी नहर के पास जेवर-खुर्जा मार्ग पर जाम लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। युवक को जल्द तलाशने का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब साढ़े नौ बजे ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। वहीं घटना के बाद से गांव में मातम का माहौल है। परिवारजन बेसुध हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन और पुलिस से युवक को खोजने की मांग की है। वहीं शुक्रवार सुबह भी नहर में डूबे युवक को खोजना का काम जारी रहा।

# ईडी की रडार पर आया नोएडा फार्म हाउस घोटाला

## सीएजी ने 2000 करोड़ राजस्व नुकसान बताया, 157 की लिस्टिंग कर जांच शुरू

नोएडा। हैसिंडा से जुड़े लोटस 300 प्रोजेक्ट मामले में ईडी ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अब इसका दायरा पूर्व शासन काल में हुए फॉर्म हाउस घोटाला तक पहुंच गए है। जिसमें अधिकारियों ने साठगांठ करके करीब 2000 करोड़ रुपए राजस्व का नुकसान पहुंचाया था।

आवंटियों को सस्ती दरों पर फॉर्म हाउस आवंटित किए गए। ऐसे करीब 157 फॉर्म हाउस की लिस्टिंग ईडी ने की है। इसकी फाइलों का बंच भी प्राधिकरण से मांगा गया है। जाहिर है ईडी लोटस-300 और उससे जुड़े किसी भी मामले में ढील बरतने वाली नहीं है।




जिस समय फॉर्म हाउस घोटाला किया गया मोहिंदर सिंह ही नोएडा प्राधिकरण के सीईओ थे। उस समय श्री सी के डायरेक्टर निर्मल सिंह और पूर्व सीईओ की बेहतर गठजोड़ था।

ईडी पहले ही इस मामले में काफी तथ्य सामने ला चुकी है। बताया गया कि दोनों का आपस में पारिवारिक रिश्ता भी है। फिलहाल ईडी अब फॉर्म हाउस आवंटन घोटाले से जुड़े दस्तावेजों और उससे जुड़े अधिकारियों से पूछताछ कर सकती है।

### 2000 करोड़ रुपए का फॉर्म हाउस घोटाला

यमुना किनारे योजना लाकर सस्ते दामों पर फॉर्म हाउस आवंटित किए गए। प्राधिकरण ने दो बार 2008 और 2010 में ओपन एंड स्कीम के तहत फार्महाउस योजना निकाली।

दोनों बार में 305 आवेदन स्वीकार किए गए। इसमें से 157 आवंटियों को 18 लाख 37 हजार 340 वर्गमीटर भूखंड आवंटन किया गया।

### सीएजी के रिपोर्ट में दिखा घोटाला

सीएजी ने दिखाया कि 2008-09 में 22 आवंटियों को 3100 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से भूखंड आवंटित किए। जबकि उस समय प्रचलित दर 15 हजार 914 रुपए थी। इसी दर से 2009-10 में भी 43 भूखंडों का आवंटन किया गया।

उस दौरान प्रचलित दर 16 हजार 996 रुपए थी। 2010-11 में 83 भूखंडों का आंवटन 3500 रुपए के हिसाब से किया गया।

जबकि दर 17 हजार 556 रुपए थी। ये घोटाला करीब 2 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का था।

# सीएजी रिटायर्ड डायरेक्टर से साइबर फ्राड

## गूगल से टीवी रिचार्ज कराने के लिए निकाला नंबर, गंवा दिए 99 हजार रुपए

नोएडा। सीएजी से रिटायर्ड डायरेक्टर से साइबर ठगों ने 99 हजार रुपए ठग लिए। उन्होंने टीवी के सेटअप बाक्स ऑनलाइन रिचार्ज कराने के लिए गूगल से नंबर निकला था। इससे वह ठगों के संपर्क में आए। उन्होंने सेक्टर 113 थाने में साइबर सेल पुलिस से शिकायत की है।

नोएडा सेक्टर 74 के सुपरटेक केपटाउन सोसायटी में अशोक कुमार गुप्ता परिवार संग रहते हैं। उनके टाटा स्काई कंपनी के सेटअप बाक्स के रिचार्ज समाप्त हो गया था।

उन्होंने स्वयं से रिचार्ज करने का प्रयास किया, लेकिन रिचार्ज नहीं हो पाया। उन्होंने गूगल से हेल्पलाइन नंबर निकालकर रिचार्ज करना चाहा। इससे वह गूगल पर दिए नंबर से उन्होंने संपर्क किया। जिसके बाद वो ठगों के संपर्क में आ गए। ठगों के बताए निर्देश



का पालन करने पर इंटरनेट बैंकिंग के पिन की गोपनीय जानकारी साझा कर दी।

ठगों ने 50 हजार और 49 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद पीड़ित को ठगी का पता चला। उन्होंने मामले की शिकायत पुलिस से की। साइबर पुलिस का कहना है कि धनराशि मुंबई के इंडस लैंड बैंक की शाखा में गई है। शिकायत लेकर कार्रवाई कराई जा रही है।

### हूबहू मिल रहा कस्टमर केयर नंबर

इस प्रकार की ठगी को लेकर साइबर विशेषज्ञों का कहना है कि हर व्यक्ति के पास इस समय स्मार्टफोन है। ऐसे में किसी भी जानकारी के लिए वह गूगल का सहारा लेता है। लेकिन गूगल में अब साइबर ठग घुसपैठ कर चुके हैं। उनके ओर से सिस्टम में हूबहू किसी कंपनी का नाम और कस्टमर केयर नंबर डाल दिया जा रहा है। जैसे ही लोग सर्च कर रहे हैं, ठग का नंबर आ जा रहा है। ठगों द्वारा डाले गए नंबर पर कॉल करने पर वह एक लिंक भेज दे रहे हैं। जिस पर क्लिक करते ही नौ नंबर की ओटीपी आती है। डालते ही एनीडेस्क लोड हो जा रहा है। इसके बाद मोबाइल में मौजूद सारी जानकारी ठगों तक पहुंच जा रही है।

## नोएडा में दिन दहाड़े बाइक चोरी

नोएडा। नोएडा में सेक्टर-55 में दिन दहाड़े एक चोर ने बाइक चोरी की। चोरी करने की पूरी घटना घर के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना सेक्टर-58 पुलिस से की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। ये वीडियो एक मिनट से ज्यादा का है। जिसमें एक बाइक घर के बाहर खड़ी है। इसके बाद एक चोर टहलते हुए बाइक के पास आता है। इधर उधर देखता है और बाइक पर बैठ जाता है। कुछ देर तक बैठने के बाद वो बाइक का हैंडल खोलता और स्टार्ट कर वहां से बाइक लेकर फरार हो जाता है। ये पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकार्ड हो जाती है। चोरी की घटना का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस मामले में पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

# ग्रेटर नोएडा में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

## एक बदमाश को गोली लगी, दो गिरफ्तार; चोरी की बाइक और हथियार बरामद

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के दादरी में पुलिस और बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक बदमाश को गोली लगी, जबकि दो अन्य को कॉम्बिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया।

शुक्रवार रात दादरी पुलिस ज्यू 3 नाले के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान तीन युवक एक मोटरसाइकिल पर आते दिखे। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन वे भागने लगे। पीछा करने पर बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश की पहचान करन (21) के रूप में हुई। वह ग्राम रोजा जलालपुर, थाना बिसरख का रहने वाला है। अन्य दो बदमाशों में हर्ष (21) समाधीपुर दादरी और पीयूष बंसल (19) ग्राम सैथली, थाना जारचा का निवासी है। पुलिस ने बदमाशों से एक तमंचा 315 बोर, एक खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस, दो अवैध चाकू, एक लूटा हुआ मोबाइल और चोरी की एक स्प्लेंडर बाइक बरामद की। बाइक पर नंबर प्लेट नहीं थी।

एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि ये शातिर बदमाश चोरी और लूटपाट की वारदातों को अंजाम देते थे। घायल बदमाश को अस्पताल भेजा गया है। पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

# यीडा एमएसएमई सेक्टर को देगा बढ़ावा

## 468 फ्लैटेड और प्लग एंड प्ले फैक्ट्रियों का होगा निर्माण, मशीनरी लाकर करना होगा उत्पादन

नोएडा। एमएसएमई और स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए यमुना विकास प्राधिकरण ने कदम बढ़ाया है। प्राधिकरण मेडिकल डिवाइस पार्क और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर में 468 फ्लैटेड एवं प्लग एंड प्ले फैक्ट्री का निर्माण करने जा रहा है। सेक्टर-28 यानी मेडिकल डिवाइस पार्क में 240 फ्लैटेड फैक्ट्री का निर्माण करने के लिए ईपीसी मॉडल पर टेंडर जारी कर दिया गया है वहीं सेक्टर-10 इलेक्ट्रानिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी पार्क) में 228 प्लग एंड प्ले फैक्ट्रियां विकसित करने के लिए जल्द टेंडर जारी होंगे। जून तक टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। एमएसएमई और स्टार्टअप किराए पर फैक्ट्री लेकर अपना उत्पादन शुरू कर सकते है।

### क्या है योजना इसे समझे

मेडिकल डिवाइस पार्क में 124.9 करोड़ रुपए की लागत से 20,169 वर्ग मीटर क्षेत्र में 240 फ्लैटेड फैक्ट्रियां बनाई जाएंगी। जिनका फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) 1.4 होगा। सेक्टर-10 में 228 प्लग एंड प्ले फैक्ट्रियां 596 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाएंगी। यहां पर कन्वेंशन सेंटर, हॉस्टल, क्रेंच और करीब 500 लोगों को स्किल डवलपमेंट की सुविधा होगी।

### मेडिकल डिवाइस में तीन टाइप की होंगी फैक्ट्री

मेडिकल डिवाइस पार्क में फैक्ट्रियां तीन श्रेणियों में होंगी, टाइप ए 50 वर्ग मीटर की 120 फैक्ट्रियां, टाइप – बी 64 वर्ग मीटर की 90 , टाइप सी 60 वर्ग मीटर की 126 फैक्ट्रियां होंगी। इनमें मेडिकल डिवाइस जैसे रेडियोलॉजी, इमेजिंग, एनेस्थेटिक, और इंप्लांटेशन डिवाइस के उत्पादन में विशेषज्ञता रखती हैं। ये फैक्ट्रियां एमएसएमई और स्टार्टअप के लिए विशेष रूप से डिज़ाइन की गई हैं। ईएससी में सेमीकंडक्टर, लिथियम बैटरी, और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे क्षेत्रों में उत्पादन को बढ़ावा देंगी।

# नोएडा में बटर फ्लाई थीम पर बन रहा तालाब

## 4.4 हेक्टेयर होगा दायरा, 40 करोड़ होंगे खर्च, एक्सप्रेस वे से सफर करने वाले कर सकेंगे मनोरंजन

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-167 में लेक पार्क तालाब का विकसित किया जा रहा है। ये तालाब बटर फ्लाई थीम पर बनाया जाएगा। तालाब का निर्माण करीब 4.4145 हेक्टेयर में किया जा रहा है। इसका सीईओ लोकेश एम ने निरीक्षण किया। इस दौरान डीजीएम सिविल विजय रावल और संबंधित वरिष्ठ प्रबंधक मौजूद रहे। इसके अलावा उन्होंने सेक्टर-135 और ग्राम छपरौली का निरीक्षण किया।

### एनजीटी के आदेश के बाद निर्णय

बता दे एनजीटी में एक याचिका दायर की गई थी जिसके तहत श्रेणी-बी व



सी में आने वाले तालाबों के स्थान पर विकास कार्य और परिसम्पत्तियों का आवंटन किया गया है। जिसके सापेक्ष एनजीटी द्वारा उक्त क्षेत्रफल के बराबर भूमि पर तालाब वाटर बॉडी विकसित किये जाने का आदेश दिया गया है। इस क्रम में ही सेक्टर-167 में नियोजित लेक पार्क में एक तालाब विकसित किया जा रहा है। इस तालाब से प्राकृतिक और वर्षा जल संरक्षित किया जा सकेगा। तालाब के अतिरिक्त परिसर में हरित क्षेत्र, मनोरंजन स्थल वगैरह भी विकसित किया जाएगा।

### 40 करोड़ है लागत

जिससे कि उक्त तालाब परिसर में नोएडा वासी मनोरंजन कर सके। इस तालाब को पीपीपी मॉडल पर बनाया जा रहा है। इसके निर्माण में करीब 40 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। इसके चारों और ग्रीन बेल्ट भी विकसित की जाएगी। साथ ही इसमें कियोस्क भी लगाए जाएंगे। ये पार्क नोएडा एक्सप्रेस वे और आगरा एक्सप्रेस वे पर आने जाने वाले लोगों के अलावा नोएडा वासियों के लिए मनोरंजन का केंद्र होगा।

## 250 मोबाइल चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

### 51 मोबाइल किए गए बरामद, महिलाओं को करते थे टारगेट

नोएडा। नोएडा पुलिस ने दो शातिर मोबाइल स्नेचरों को गिरफ्तार किया है। ये दोनों मिलकर 250 से अधिक घटनाएं कर चुके है। इनके पास से 51 मोबाइल फोन बरामद किए गए। ये लोग नोएडा दिल्ली एनसीआर में भीड़ भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं को टारगेट करते है। टारगेट करने के बाद ध्यान हटते ही मोबाइल चोरी कर फरार हो जाते है। इनकी पहचान हुई एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि इनकी पहचान मयंक और नजरुल हुई है। ये दोनों मिलकर ही स्नेचिंग और चोरी की घटना करते है। इनके पास से स्कूटी बरामद की गई ये भी चोरी की है। एक स्थान पर लंबे समय तक नहीं रहते थे। वॉट्सऐप पर ही बात करते है। ताकि लोकेशन ट्रेस न हो सके। मोबाइल चोरी करने के बाद ये नोएडा या आसपास के एरिया में मोबाइल दुकानदारों को अपनी झूठी समस्या बताकर 2 से 4 हजार में मोबाइल बेच देते है।

# नोएडा में पांचवी मंजिल से कूदकर युवती ने किया सुसाइड

## युवक के साथ कमरे में रहती थी, नहीं मिला सुसाइड नोट, पुलिस कर रही पूछताछ

नोएडा। नोएडा में एक युवती ने पांच मंजिल के मकान की छत से कूदकर जान दे दी। युवती की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है।

युवती के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण उसकी मौत हुई। मृतका के परिजनों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। फेज दो थाने की पुलिस शिकायत मिलने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि बिजनौर की ममता कुमारी निजी कंपनी में काम करती थीं और नया गांव में किराये का कमरा लेकर रह रही थीं। उनके साथ एक युवक भी रहता था। गुरुवार रात आठ बजे के करीब ममता ने पांचवीं मंजिल की छत से छलांग लगा दी।

जिस समय घटना हुई, युवक एक कमरे में कपड़े धुल रहा था। किसी के गिरने की आवाज सुनकर आसपास के लोग भागकर घटनास्थल पर पहुंचे। जमीन पर पड़ी युवती की सांसें चल रही थीं, ऐसे में लोगों ने तुरंत उसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया और घटना की जानकारी पुलिस को भी दी।

युवती को देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। युवती के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस जहां इसे सुसाइड बता रही है, वहीं स्थानीय लोग हत्या की आशंका भी जता रहे हैं। इस मामले में पुलिस जल्द ही युवती के साथी युवक से पूछताछ करने का दावा कर रही है।

युवती के मोबाइल को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आशंका है कि मोबाइल से घटना के संबंध में कई अहम जानकारी मिल जाएगी।

# सहारनपुर में बी-फॉर्मा छात्र का दिनदहाड़े मर्डर

## इंद्रप्रस्थ कॉलेज के बाहर निकलते ही सिर पर मारी गोली, स्कूल ड्रेस में आए थे बदमाश

**सहारनपुर।** सहारनपुर में बी-फार्मा छात्र की शनिवार को दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी गई। छात्र आईआईएमटी कॉलेज में एक्सटर्नल एग्जाम देकर निकल रहे थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे कार और बाइक सवार 10-12 बदमाशों ने एक छात्र पर हमला कर दिया।

यह देख साथी छात्रों ने हमलावरों को दबोचने की कोशिश की, तभी उन्होंने फायरिंग कर दी। गोली लगने से एक छात्र जमीन पर गिर पड़ा। वह तड़पने लगा।

थोड़ी देर में उसकी मौत हो गई। इसके बाद हमलावर फरार हो गए। एक हमलावर का वीडीओ भी सामने आया है। वह स्कूल ड्रेस में आया था।

शुरुआती जांच में सामने आया है कि हमलावर आर्यन नाम के छात्र को मारने आए थे, लेकिन गोली सीधे आशुतोष (19 साल) के सिर में लग गई।



जिससे उसकी मौत हो गई। पूरा मामला नागल थाना क्षेत्र के कोटा का है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस की टीमें हमलावरों की तलाश कर रही हैं।

### कार से 6 और 5 हमलावर बाइक से आए थे

प्रत्यक्षदर्शी एक छात्र ने बताया, 6 हमलावर कार से आए थे। बाकी 4-5 हमलावर बाइकों से आए थे। हमलावर कार से उतरते ही स्टूडेंट आर्यन को मारपीट रहे थे। लेकिन उसे बचाने के लिए कॉलेज ग्रुप के और भी स्टूडेंट्स और मौके पर मौजूद लोग आ गए। जिसकी वजह से हमलावर भागने की कोशिश करने लगे। भागते समय ही हमलावर ने फायरिंग की। जिसकी गोली आशुतोष को लग गई।

### एसपी बोले- गोली मारने दूसरे कॉलेज के छात्र लग रहे

एसपी देहात सागर जैन ने बताया- नागल थाना क्षेत्र में कोटा स्थित इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट है। वहां पर देवभूमि कॉलेज के बी-फार्मा फर्स्ट ईयर के बच्चे एक्सटर्नल एग्जाम देने आए थे। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

गोली मारने वाले आसपास के कॉलेज के ही लग रहे हैं। इनमें आपसी रंजिश कोई रही होगी, इस पर फिलहाल जांच की जा रही है।

## लखनऊ में युवकों ने सिपाहियों को पीटा

**लखनऊ।** लखनऊ के तालकटोरा इलाके में डीजे बंद कराने गए पुलिस कर्मियों से मारपीट कर वर्दी फाड़ दी गई। पुलिस को तेज आवाज में डीजे बजने की सूचना मिली थी। वहां पहुंचने पर कुछ लोग मारपीट करते हुए मिले। विरोध करने पर पुलिस से ही मारपीट पर उतारू हो गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर कुलदीप दुबे ने बताया कि यूपी 112 में तैनात सिपाही अमित कुमार और रिंकल गुरुवार रात पीआरवी गाड़ी से इलाके में गश्त पर थे। एफ-ब्लॉक मुराऊ टोला में रात करीब 12 बजे तेज आवाज में डीजे बजने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने देखा डीजे तय मानक से ज्यादा तेज बज रहा है। वहां कुछ लोग डीजे को लेकर मारपीट कर रहे थे। इस पर दोनों पुलिसकर्मियों ने उन्हें शांत कराने की कोशिश की। इस पर राहुल और राजीव कुमार नाम के लड़के सिपाही अमित कुमार से धक्का-मुक्की करने लगे। साथी पुलिस कर्मी ने विरोध किया, तो उसे भी पीट दिया। दोनों की वर्दी फाड़ दी। सिपाहियों ने उनकी वीडियो बनाने के लिए एमडीटी निकाला तो छीनकर तोड़ने की कोशिश की।

# सलाहकारी समिति ने बल्क ड्रग पार्क का किया तूफानी दौरा



**ललितपुर।** मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन की सलाहकार समिति के आर्थिक सलाहकार डॉ0 के0वी0 राजू, खाद्य सुरक्षा सलाहकार डॉ जी0एन सिंह एवं सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी ने जनपद के ग्राम सैदपुर में बन रहे बल्क ड्रग फार्मा पार्क का आज शनिवार को निरीक्षण किया। इस अवसर पर मा0 राज्यमंत्री, श्रम एवं सेवायोजन विभाग, उ0प्र0 मनोहर लाल पंथ ने समिति के सदस्यों का माल्यार्पण व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। वहीं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक ने बुके भेंट कर समिति का स्वागत किया।

इस दौरान सलाहकार समिति ने निर्माण स्थल पर पहुंचकर सबसे पहले मौके पर चल रहे निर्माण कार्यों को देखा, इसके उपरान्त आउटर साईनेज/साइट मैप का अवलोकन किया और फार्मा पार्क के टेविल थ्रीडी मॉडल को देखा। कार्यक्रम के दौरान एलईडी स्क्रीन के माध्यम से फार्मा पार्क के सम्पूर्ण प्रोजेक्ट की डॉक्यूमेंट्री वद शॉर्ट पीपीटी दिखाई गई, जिसमें फार्मा पार्क के बारे में छोटी से छोटी जानकारी के बारे में बताया गया, जिस पर समिति के सदस्यों ने जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के कार्यों की प्रसंशा की और त्वरित गति से मुख्यमंत्री जी के विजन को धरातल पर उतारने के निर्देश दिये। कार्यक्रम के दौरान मा0 सलाहकार मुख्यमंत्री अवनीश कुमार अवस्थी ने कहा कि हमें प्रसन्नता हो रही है कि यहां काफी तेजी से प्रगति हुई है, यहां जमीन का आवंटन शुरु हो गया है, हमारा लक्ष्य होगा कि अगले 9 महीने में जमीनों का आवंटन पूर्ण करा दें, जिससे यहां नई औद्योगिक इकाईयां लगना शुरु हो जाएं और रोजगार के साधन सृजित हों।

## शार्ट न्यूज

### हत्या के दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**कानपुर देहात।** कानपुर देहात के मंगलपुर थाना क्षेत्र में एक दामाद को सास की हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय ने दोषी पर 62 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला 29 जुलाई 2018 का है। पवन कुमार उर्फ पंकज की पत्नी रामदेवी ने एक बेटी को जन्म दिया था, जिसका नाम निहारिका रखा गया। नवजात की मृत्यु के बाद, मृतका की मां फूला देवी अपने बेटे फूलचंद्र और रिश्तेदार हितेंद्र के साथ फिरोजापुर पहुंची। पवन से विवाद के दौरान, उसने गुस्से में कुल्हाड़ी निकाली और बीच-बचाव करने आई फूला देवी पर हमला कर दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पवन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह भी सामने आया कि शादी के बाद से पवन अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर अपनी पत्नी को प्रताड़ित करता था। रामदेवी ने इस संबंध में परिवार न्यायालय में गुजारा भत्ता का वाद भी दायर किया था। एडीजीसी विवेक त्रिपाठी के अनुसार, अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुनाया। अर्थदंड न चुकाने की स्थिति में दोषी को सात माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा।

### जिलाधिकारी के निर्देश पर 15 जून तक जिले के आंगनवाड़ी केंद्रों पर अवकाश घोषित

विशाल इंडिया संवाददाता




**रामपुर।** अत्यधिक गर्मी के दृष्टिगत जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जनपद के आंगनबाड़ी केंद्रों पर 15 जून 2025 तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि इस अवकाश अवधि के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की उपस्थित नहीं होगी परंतु आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका अपने केंद्र पर पहुंचकर पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा लाभार्थियों का आधार सत्यापन, ड्राई राशन वितरण, वजन तथा गृह भ्रमण सहित अन्य समुदाय आधारित गतिविधियां एवं विभिन्न शासकीय कार्यों का निर्वहन करती रहेंगी।

### अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में ई-मालखाना एवं ऑनलाइन पोर्टल की कार्यशाला का आयोजन किया गया

विशाल इंडिया संवाददाता



**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर की अध्यक्षता में क0ऑ0 रोहिताश सिंह एवं हे0कां0 आबिद अली द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर सभागार कक्ष में समस्त थाना एचएम एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ ई- मालखाना और ऑनलाइन पोर्टल के सम्बन्ध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त थाना एचएम एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को ई-मालखाना के कार्य विस्तार (फीडिंग, वर्किंग, माल बार कोड जनरेट एवं माल ऑउट/इन/डिस्पोजल) तथा शासन के आदेश के क्रम में प्रचलित ऑनलाइन पोर्टल( कैश रिपोर्ट, अपराध विश्लेषण पोर्टल, फिल्ड यूनिट, फुट पैट्रोलिंग पोर्टल, लोक शिकायत निगरानी प्रणाली) आदि के क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी गयी ।

### कलेक्ट्रेट में घूस लेते महिला कर्मचारी गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ डीएम ऑफिस (कलेक्ट्रेट) की महिला कर्मचारी को 12 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़ा गया। आरोपी ने पेंशन वेरिफिकेशन के लिए रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने उसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी। इसके बाद कोषागार विभाग में तैनात सहायक कोषाधिकारी लेखाकार चंद्रमाला को टीम ने रिश्वत लेते ट्रैप किया। कार्रवाई शुक्रवार को की गई। शिकायतकर्ता सौरभ श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक सतर्कता लखनऊ को शिकायत की थी कि उनके बाबा स्व. हरिश्चंद्र श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी) की मृत्यु 10 मई 2024 को हो गई थी। उनके दिव्यांग पिता, जो बाबा पर आश्रित थे, उनके लिए पारिवारिक पेंशन और पंडित दीनदयाल उपाध्याय कैश लेस हेल्थ कार्ड की प्रक्रिया शुरू की गई थी। पेंशन स्वीकृति में चंद्रमाला (रूम नं-19) ने पहले तो प्रक्रिया पूरी की, लेकिन फिर 12000 रिश्वत की मांग की।

### अलीगढ़ में गोवंश मांस पर बवाल, 4 को पीटा

**अलीगढ।** अलीगढ़ में शनिवार को हिंदू संगठनों ने एक मैक्स गाड़ी को पकड़ा। गाड़ी में मांस लदा था। उसे गाय का अवशेष बताते हुए लोगों ने हंगामा कर दिया। गुस्साई भीड़ ने गाड़ी में तोड़फोड़ करने के बाद उसे पलट दी। फिर उसमें आग लगा दी गई। दिल्ली-कानपुर हाईवे पर 2 घंटे तक जाम लगा दिया। भीड़ ने मांस लेकर जा रहे चारों लोगों की बुरी तरह पिटाई की। सभी खून से लथपथ हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस चारों को बचाया। उन्हें हॉस्पिटल पहुंचाया गया। 1 की हालत गंभीर बताई जा रही है। मांस के सैंपल लेकर मथुरा फोरेंसिक लैब भेजे गए हैं। पुलिस ने गाड़ी सवार चारों लोगों के खिलाफ स्नद्धक्रलिखी है, जबकि उन्हें पीटने वाली भीड़ के खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। पिटाई करने वालों की पहचान वीडियो की मदद से की जा रही है। पूरा मामला अलीगढ़ के हरदुआगंज का है।

### शादी के 10 दिन पहले दूल्हे की मौत

**कौशांबी।** कौशाम्बी में एक दर्दनाक घटना में दूल्हे की मौत हो गई। मृतक की पहचान अनिल कुमार (23) के रूप में हुई। वह कड़ा धाम थाना क्षेत्र के ताज मल्लाहन ग्राम के भागू पुरवा का रहने वाला था। शुक्रवार रात करीब 9 बजे अनिल अपनी शादी का कार्ड बांटने के लिए बुआ के घर अंधाय जा रहा था। रात 9: 30 बजे मंझनपुर थाना क्षेत्र के टिकरी टेवा गांव के पास उसकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। वहां सड़क और पुल का निर्माण कार्य चल रहा था। अनिल जनरेटर की लाइट को कार की लाइट समझकर तेज रफ्तार में आगे बढ़ गया। इस दौरान वह निर्माणाधीन पुल के गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में सरिया लगा हुआ था, जो अनिल के सर और सीने में घुस गया। गंभीर चोटों के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार शाम 7 बजे परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

### 55 अवैध दुकानदारों पर की कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम ने पर जोन 6 और जोन 7 में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया गया। मौके पर 55 अवैध दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई हुई है। जोनल अधिकारी मनोज यादव ने कहा कि कोनेश्वर मंदिर से काली चरन कॉलेज और कैंपल रोड, अम्बेडकर पार्क से जेएम लीन तक अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान 25 ठेले, 5 गुमटी, 18 अस्थाई दुकानें, 3 लोहे के स्टूल, 1 इलेक्ट्रिक तराजू, 13 टायर, 2 कुर्सियां, 1 तख्त, 14 कैरेट और 1 लोहे की मेज जब्त की गई। अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी गई और दोबारा अतिक्रमण रोकने के लिए क्षेत्रीय थानाध्यक्ष को पत्र भेजा गया। कार्रवाई में कर अधीक्षक विजय शंकर, कर निरीक्षक धर्मदेव और 296 टीम शामिल रही।

## थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना गंज/सिविल लाइन पर की गयी जनसुनवाई

विशाल इंडिया संवाददाता



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना गंज/सिविल लाइन पर जनसुनवाई की गयी । पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा फरियादियों की समस्याओं/शिकायतों को सुना गया, जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । जनसुनवाई के उपरांत पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज/सिविल लाइन परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये ।


# बरेली में हिस्ट्रीशीटर की चाकू से गोदकर हत्या

## साथी हिस्ट्रीशीटर ने घर बुलाया, मार डाला; भतीजा बोला- मीट काटने वाले चाकू से किया हमला

**बरेली।** बरेली में एक हिस्ट्रीशीटर की दिनदहाड़े चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई। इसका पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फील्ड यूनिट की टीम भी सबूत जुटाने में लगी है।

प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गांव के ही दूसरे हिस्ट्रीशीटर ने धोखे से अपने घर बुलाया। यहां पर अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे मार डाला। घटना भोजीपुरा थाना क्षेत्र के रमपुरा माफी गांव की है।

53 साल का बाबू खां मजदूरी करता




था। उसके घर में दो बेटियां और एक बेटा है। शनिवार सुबह करीब सवा 10 बजे वह घर से कुछ दूर एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था। उसी दौरान गांव का ही हिस्ट्रीशीटर एहसान वहां आया और बाबू से बातचीत करने लगा।

इसके बाद वह बाबू खां को गांव में ही स्थित अपने घर ले गया। उसके घर में पहले से ही दो साथी कामरान और शहरोज मौजूद थे। यहां पर उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। इसके बाद सभी ने मिलकर बाबू खां की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी और शव घर के बाहर फेंककर भाग गए। दोपहर 12 बजे घर के बाहर शव देखकर गांववालों ने पुलिस को सूचना दी।

### दोनों हिस्ट्रीशीटर थे

पुलिस के अनुसार, बाबू खां और एहसान दोनों भोजीपुरा थाने के हिस्ट्रीशीटर हैं। दोनों आपस में दोस्त बताए जाते हैं। अब तक किसी तरह की रंजिश की वजह सामने नहीं आई है। वहीं, तनाव की आशंका को देखते हुए गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। एसपी नॉर्थ और सीओ हाईवे गांव में डटे हैं।

# जांच के नाम पर सिर्फ खाना पूर्ति करती नजर आयी खंड विकास अधिकारी

## खंड विकास अधिकारी और अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मुरादाबाद के संरक्षण में फल फूल रहे हैं ब्लॉक के रोजगार सेवक

विशाल इंडिया संवाददाता

**मुरादाबाद।** विकासखंड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में बड़ी धांधली सामने आई है और अधिकारीयों को जानकारी होने के बाद भी अंजान बने हुए और जांच के नाम पर खाना पूर्ति करने में लगे हैं। जी हां विकासखंड मुरादाबाद की ग्राम पंचायत इस्लामनगर, ताजपुर माफी, खदाना और काफीयाबाद में फोटो से फोटो और सर्दियों की फोटो लगाकर 1500 से ज्यादा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लगाई गई इसके बारे में खंड विकास अधिकारी को अवगत कराया गया जानकारी होने के पश्चात खंड विकास अधिकारी के द्वारा स्थलीय जांच की गई जिसमें कुछ हद तक ग्राम पंचायत में खामियां पाई गई परंतु विषय यह नहीं है कि ग्राम पंचायत में विकास कार्य हुए या नहीं । विषय है कि ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना के अंतर्गत हो रहे कार्य में फोटो से फोटो और सर्दियों की फोटो लगाकर जो घोटाले हो रहे हैं जानकारी होने के बाद भी उन घोटालों पर लगाम अधिकारीयों के द्वारा क्यों नहीं लगाई जाती या मान लिया जाए की अधिकारियों ने रोजगार सेवक और प्रधान, सचिव को भ्रष्टाचार करने की खुली छूट दे रखी है जिसके कारण उनके हौसले बुलंद है और विकासखंड में जमकर लाखों का घोटाला कर रहे हैं ।

इस बारे में जब खंड विकास अधिकारी मुरादाबाद से बात की गई तो खंड विकास अधिकारी बचती नजर आई उन्होंने कहा कि कल खंड विकास अधिकारी द्वारा जांच के नाम पर सिर्फ रोजगार सेवकों की मीटिंग बुलाई गई जिसमें एक कार्य सुधार नोटिस दिया गया इसके अलावा कुछ नहीं जिससे

> रोजगार सेवक को बुलाकर एक मीटिंग की गई जिसमें सभी को निर्देशित किया गया है और चेतावनी दी गई है कि ऐसा कोई कार्य न करें जिससे किसी मजदूर का हित प्रभावित हो बाकी सभी को पारदर्शी तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं ।
>
> विकासखंड अधिकारी मुरादाबाद।

रोजगार सेवकों के होंसले और बुलंद हो गए खंड विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत खदाना के फोटो जब संवाददाता द्वारा दिखाए गए तो उन्होंने उन फोटो को झुठलाना शुरू कर दिया कि यह हमारे ग्राम पंचायतों के फोटो नहीं है ना ही यह हमारे मिस्ट्रॉल है उनके द्वारा कहा गया कि यह छजलैट ब्लॉक के मिस्ट्रॉल है। कहा जा सकता है कि विकासखंड अधिकारी को अपने क्षेत्र के बारे में या तो जानकारी नहीं है और जानकारी है तो वह इस घोटाले को छुपा रही थी । जबकि खंड विकास अधिकारी द्वारा जिन ग्राम पंचायत में फोटो से फोटो और सर्दियों के फोटो लगाकर मिस्ट्रौल बनाए गए हैं उनके नरेगा से संबंधित सारे भुगतानों पर रोक लगा देनी चाहिए थी परंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ । जिन ग्राम पंचायत में ऐसे तथ्य सामने आने के बाद भी भुगतान कर दिए गए हैं उनकी रिकवरी होनी चाहिए तभी लाखों का सरकारी धन गवन होने से रोका जा सकता है। आगे देखते हैं कि अधिकारी इस पर संज्ञान लेते हैं या घोटाला इस तरह ही बरकरार रहेगा।

## गुम हुआ मोबाइल पुलिस ने बरामद कर ललितपुर के एचबीएम हास्पीटल में कार्यरत अमेरिकी नागरिक को सौंपा

**ललितपुर।** पुलिस द्वारा जनपद ललितपुर के HBM Hospital में कार्यरत अमेरिकी नागरिक के खोए हुए मोबाइल फ़ोन को सकुशल बरामद कर, किया गया सुपुर्द ।आवेदक डॉ0 डैनिल ब्रेन हैन्रिक्स नि0 106 विदहाल आरडी एपीटी.23 एमेसबरी एम0ए0 01913, संयुक्त राज्य अमेरिका जो ललितपुर मे HBM hospital सिविल लाइन, ललितपुर उ0प्र0 284403 मे कार्य करने अमेरिका से आये थे , जिनका 01.04.2025 को मोबाइल फोन खो गया था , जिसकी सूचना डा0 डैनिल ब्रेन हैन्रिक्स उपरोक्त द्वारा साइबर क्राइम थाना, जनपद ललितपुर मे दी गई थी । सूचना पर साइबर क्राइम थाना , ललितपुर पुलिस द्वारा त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सर्विलांस के माध्यम से उक्त खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए हर संभंव प्रयास कर, आवेदक डेनिल उपरोक्त के खोए हुए मोबाइल फोन को 24 मई को सकुशल बरामद किया गया । साइबर क्रांइम थाना , ललितपुर पुलिस द्वारा आवेदक डेनिल उपरोक्त को थाने पर बुलाकर , उनके खोए हुए मोबाइल फोन को उन्हें सुपुर्द किया गया । आवेदक डेनिल उपरोक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक , ललितपुर और साइबर क्राइम थाना , ललितपुर पुलिस की भूरि - भूरि प्रशन्सा की गई ।



# विशेष सचिव रेशम विकास/नोडल अधिकारी ने जनपद भ्रमण के दौरान परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर देखे विकास कार्य

## पेयजल परियोजनाओं को त्वरित गति से पूर्ण कर जनता को समर्पित करने के लिए निर्देश

**ललितपुर।** सुनील कुमार वर्मा (आई0ए0एस0), विशेष सचिव, रेशम विकास एवं युवा कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जनपद नोडल अधिकारी के रूप में जनपद में विभिन्न योजनाओं का आज शनिवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सर्वप्रथम नगर में अमृत 2.0 कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया। इलाइट चौराहा के पास निर्माणाधीन 2700 ▯27 रूस्टेजिंग की क्षमता के OHT का निरीक्षण किया गया, ह्।ङ्ग की प्रगति लगभग 60 प्रतिशत पायी गयी। सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय) द्वारा अवगत कराया गया कि प्रोजेक्ट को पूर्ण होने का निर्धारित समय जुलाई 2025 है, परन्तु उक्त कार्यों को पूर्ण होने में लगभग 6 माह अतिरिक्त समय लगेगा। योजना अन्तर्गत बिछाई गई पाइपलाइन का निरीक्षण कई जगह गड्ढे खुदवाकर किया गया। इसके बाद मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया गया। जिसमें वर्तमान में केवल अकेडमिक



कार्य ही किया जा रहा है। मेडिकल कॉलेज में अभी विद्युत उपलब्धता भी नहीं पायी गयी। सहायक अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को शीघ्र विद्युत सम्बन्धी कार्य कराने हेतु निर्देशित किया गया ।निरीक्षण के दौरान 300 बेड के नए चिकित्सालय में बालिका हॉस्टल की दोनों लिफ्ट एवं लेक्चर थिएटर की तीन में से दो लिफ्ट खराब मिली, जिस पर विशेष सफेद महोदय ने नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल लिफ्ट को सुधरवाने के निर्देश दिए गए। इसके बाद जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कचनौंदाकलां ग्राम समूह पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। ग्राम कचनौंदाकलां में स्थित 26 MLD क्षमता के डब्ल्यू0टी0पी एवं कचनौंदा बांध में निर्मित इण्टेक वेल का निरीक्षण किया गया। WTP एवं इण्टेक वेल दोनों संचालित पाये गये। योजना के संचालन में उपयोग किये जा रहे स्काडा ऑटोमेशन एवं जल परीक्षण हेतु अधिष्ठापित लैब का निरीक्षण किया गया। योजना अन्तर्गत 17 OHT एवं 8 नग सीडब्ल्यूआर निर्मित किये गये। जिसके माध्यम से 60 नग ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। तत्पश्चात ग्राम कचनौंदाकलां, जाकर पेयजल आपूर्ति का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि सभी घरों में गृह पेयजल संयोजन करा दिये गये हैं एवं प्रतिदिन सुबह व शाम पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्राम में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पर ग्रामीणों द्वारा सरकार का आभार भी व्यक्त किया गया। इसके पश्चात ग्राम कल्यानपुरा स्थित गौशाला का निरीक्षण किया गया।

# डीआईजी ने समाधान दिवस में फरियाद सुन कर किया कटेरा थाने का निरीक्षण परखीं व्यवस्थाएं

## राजस्व/भूमि विवाद मामलों में पुलिस ,राजस्व की संयुक्त टीम करें विधिक निस्तारण : डीआईजी

**ललितपुर ।** झांसी पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी केशव कुमार चौधरी द्वारा जनपद झाँसी के थाना कटेरा में आयोजित थाना समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। भूमि विवाद, राजस्व, अतिक्रमण, अवैध कच्ची शराब व विभिन्न समस्याओं को लेकर होने वाले प्रर्दशनों आदि सभी माामलों में पुलिस द्वारा सम्बन्धित विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त टीम के साथ अभियान चलाकर समस्याओं के निस्तारण तथा अराजक/असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। तदोपरान्त डीआईजी द्वारा थाना परिसर व कार्यालयों का निरीक्षण कर थाना परिसर की साफ सफाई, कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, CCTNS कक्ष, मालखाना आदि को चेक किया गया। निरीक्षण के



दौरान महिला उत्पीड़न रजिस्टर, सहित अन्य अभिलेखों/पत्रावलियों का अवलोकन कर अभिलेखों को अध्यावधिक रखने के निर्देश दिये गये तथा महिला सम्बन्धी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराने तथा शिकायत के सम्बन्ध में थाना प्रभारी के द्वारा फीडबैक लेने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचनाओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी, सम्मन/वारण्टों का अधिक से अधिक तामीला कराये जाने के कड़े निर्देश दिये गए है। शातिर, अभ्यस्त व हार्डकोर अपराधियों के विरूद्ध अधिक प्रभावी कार्यवाही करते हुए गुण्डा, गैंगस्टर एक्ट, जिलाबदर की कार्यवाही कराते हुये हिस्ट्रीशीट खोलें । सक्रिय गैंग का पंजीकरण करने और पुरस्कार घोषित, गैंगस्टर में वांछित अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश दिये गये। गम्भीर अपराधों के अभियुक्त जैसे हत्या, लूट, डकैती, गैंगरेप, पाक्सो, गौ तस्करी, वाहन चोरों, मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर के अभियुक्तों के विरूद्ध संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही के निर्देश दिए गये।

## संक्षिप्त समाचार

### सीआईए भवन के बाहर व्यक्ति को मारी गोली

**रिचमंड, एजेंसी।** वर्जीनिया के लैंगली में सीआईए मुख्यालय भवन के बाहर बृहस्पतिवार को सुरक्षा कर्मियों ने एक व्यक्ति को गोली मार दी। माडिया रिपोर्ट के मुताबिक फेयरफैक्स पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना सुबह 4 बजे के आसपास हुई। वहीं, खुफिया एजेंसी ने कहा कि गोलीबारी की यह घटना इस्राइली दूतावास के दो कर्मचारियों की हत्या के दो दिन बाद हुई, लेकिन ये घटनाएं आपस में जुड़ी नहीं हैं, दोनों घटनाएं अलग-अलग हैं।

### बल प्रयोग, धमकी से कोई पाक को मजबूर नहीं कर सकता : मुनीर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारत के साथ हाल के संघर्ष के बाद बृहस्पतिवार को पहली बैठक में पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर ने कहा कि कोई भी पाकिस्तान को बल प्रयोग या धमकी के जरिये मजबूर नहीं कर सकता। सैन्य मुख्यालय में 270वें कोर कमांडरों के सम्मेलन के दौरान मुनीर ने कहा कि उनका देश अपने महत्वपूर्ण हितों की रक्षा के लिए सभी जरूरी उपाय करने में सक्षम है।

### पूर्वी ऑस्ट्रेलिया में बारिश-बाढ़, 24 घंटों में एक माह की वर्षा

**कैनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर रिकॉर्ड बाढ़ के पानी में तीन लोगों की मौत हो गई और एक लापता है। अभी क्षेत्र में और भारी बारिश का पूर्वानुमान है। मंगलवार से ही इस क्षेत्र में भारी बारिश हो रही है। आपातकालीन सेवा मंत्री जिहाद दीब ने कहा, 24 घंटों में एक माह की बारिश हुई?है। छतों-में फंसे लोगों के लिए हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल किया गया है।

### कोस्टा रिका पुलिस ने पांच कैपीबार्स और ड्रग्स जब्त की

**कोस्टा रिका, एजेंसी।** कोस्टा रिका पुलिस ने एक गाड़ी से पांच कैपीबार्स, कोकीन और मारीजुआना जब्त की है। पुलिस ने हाइवे पर एक गाड़ी का पीछा कर इन्हें जब्त किया। कैपीबार्स अर्ध-जलीय इलाकों में रहने वाले जानवर हैं, लेकिन ये कोस्टा रिका में नहीं पाए जाए। ऐसे में कोस्टा रिका में इन जानवरों को लाना-ले जाना अवैध है और इनकी तस्करी कानूनन अपराध है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। कैपीबार्स कोस्टा रिका में नहीं पाए जाते हैं, ऐसे में इन जानवरों को पर्यावरण संरक्षण केंद्रों पर रखा जा सकता है।

### अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का फिर लिया श्रेय

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने एक बार फिर भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का श्रेय लेने की कोशिश की है। अमेरिका विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि भारत और पाकिस्तान युद्ध के कगार पर थे, उत्साहजनक बात ये है कि अमेरिका की मदद से संघर्ष विराम हुआ, जो अभी तक जारी है। हालांकि जैसा की दुनिया ने देखा है कि एक मुद्दा है, जो हल नहीं हुआ है, लेकिन इसके हल होने की संभावना बढ़ गई है।

### बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय में नौकरशाह बदले

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने विदेश मंत्रालय के शीर्ष नौकरशाह को बदल दिया है। मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार ने बृहस्पतिवार को बड़ा बदलाव करते हुए एक वरिष्ठ राजनयिक को अस्थायी रूप से नियमित कर्तव्यों का निर्वहन करने की जिम्मेदारी सौंपी। सरकार की तरफ से जारी एक बयान के मुताबिक विदेश सचिव जशीम उद्दीन ने अपनी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे दिया है। अब अगले आदेश तक एम रूहुल आलम सिद्दीकी विदेश सचिव के नियमित कार्यों का निर्वहन करेंगे।

### अमेरिका में तीन हत्याओं के दोषी को दी गई मौत की सजा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** टेनेसी राज्य में ऑस्कर स्मिथ को 1989 में अपनी पत्नी और दो सौतेले बेटों की हत्या के मामले में मौत की सजा दी गई। 75 वर्षीय स्मिथ को गुरुवार सुबह इंजेक्शन के जरिए फांसी दी गई। उन्होंने मरते वक्त खुद को निर्दोष बताया और कहा, मैंने उन्हें नहीं मारा। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय व्यवस्था ठीक से काम नहीं करती। हालांकि, अदालत ने उनके खिलाफ सबूतों को ठोस माना था। 2022 में फांसी टाल दी गई थी क्योंकि जहरीले इंजेक्शन की जांच अधूरी थी। नई फांसी नीति भी विवादों में है और इस पर एक मुकदमा जनवरी 2026 में सुना जाएगा।

### दक्षिण पश्चिम चीन में भूस्खलन के कारण चार लोगों की मौत

**बीजिंग, एजेंसी।** सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांग्शी कस्बे में दो शव मिले और पास के किंगयांग गांव में दो अन्य लोगों के शव मिले। उसने बताया कि मलबे में दबे 17 अन्य लोग अब भी लापता हैं। चीन के दक्षिण-पश्चिमी गुइझोउ प्रांत के एक ग्रामीण इलाके में भूस्खलन के कारण कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य लोग अब भी लापता हैं। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' के अनुसार, बृहस्पतिवार को चांग्शी कस्बे में दो शव मिले और पास के किंगयांग गांव में दो अन्य लोगों के शव मिले। उसने बताया कि मलबे में दबे 17 अन्य लोग अब भी लापता हैं।

# क्या मुहम्मद यूनुस इस्तीफा देंगे?

## बांग्लादेश के सेना प्रमुख के साथ मतभेदों के बीच अटकलें तेज़ हुई

**ढाका, एजेंसी।** भारत के पड़ोसी बांग्लादेश में एक बार फिर से गतिरोध बढता दिखाई दे रहा है। लगत रहा है एक बार फिर से बांग्लादेश की सत्ता में परिवर्तन होने जा रहा है। अभी पुरी तरह से खबरों की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन कई मीडिया रिपोर्ट की मानें तो अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकर-उज़-ज़मान द्वारा अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस को दिए गए अल्टीमेटम के बाद, 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता अपने पद से इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं। छात्र नेतृत्व वाली नेशनल सिटिजन पार्टी सीपी पार्टी के प्रमुख निहद इस्लाम ने बीबीसी बांग्ला सेवा को बताया कि यूनुस इस्तीफा देने पर विचार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें काम करना मुश्किल लग रहा है क्योंकि राजनीतिक दल एक आम सहमति पर पहुंचने में विफल रहे हैं।

अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार डॉ. मोहम्मद यूनुस के संभावित इस्तीफे को लेकर ढाका में अटकलों का बाजार गर्म है। अफवाहों के बीच, नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) के संयोजक नाहिद इस्लाम ने गुरुवार शाम (22 मई) को यूनुस से उनके आधिकारिक आवास जमुना में मुलाकात की। रिपोर्ट बताती है कि गुरुवार दोपहर से ही सोशल मीडिया पर यूनुस के इस्तीफे की अटकलें व्यापक रूप से फैल रही हैं, जिस पर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं और टिप्पणियां सामने आ रही हैं। बढ़ती अनिश्चितता के मद्देनजर, नाहिद इस्लाम ने मुख्य सलाहकार से सीधे बात करने के लिए जमुना का दौरा



किया। यह खुलासा नेशनल सिटीजन पार्टी (एनसीपी) के नेता निद इस्लाम ने दिन में पहले यूनुस से मुलाकात के बाद किया।

इस्लाम ने बीबीसी बांग्ला से कहा, हम आज सुबह से सर के इस्तीफे के बारे में सुन रहे हैं, इसलिए मैं उनसे इस पर चर्चा करने के लिए मिलने गया था। उन्होंने मुझे बताया कि वे इस बारे में सोच रहे हैं। उन्हें लगता है कि मौजूदा स्थिति ऐसी है कि वे काम करना जारी नहीं रख सकते। एनसीपी ने यूनुस से मजबूत बने रहने का आग्रह किया इस्लाम, जो इस साल की शुरुआत में यूनुस के अनौपचारिक संरक्षण में प्रमुखता से उभरे हैं, ने कहा कि मुख्य सलाहकार ने मामलों की स्थिति के बारे में वास्तविक चिंता व्यक्त की है। इस्लाम ने बताया, उन्होंने कहा कि जब तक राजनीतिक दल एक आम जमीन पर नहीं पहुंच जाते, वे काम नहीं कर पाएंगे।

यूनुस की आशंकाओं के बावजूद, एनसीपी संयोजक ने उनसे दृढ़ रहने का आग्रह किया। इस्लाम ने कहा, मैंने उनसे देश की सुरक्षा, इसके भविष्य और जन-विद्रोह द्वारा जगाई गई उम्मीदों का सम्मान करने के लिए मजबूत बने रहने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि राजनीतिक दल अंततः एकजुट होंगे और यूनुस को अपने कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। इस्लाम ने कहा, मुझे उम्मीद है कि सभी लोग साथ आएंगे और उनका समर्थन करेंगे। हालांकि, एनसीपी नेता ने कहा कि अगर यूनुस अपना काम नहीं कर सकते तो उनके पद पर बने रहने का कोई मतलब नहीं है।

उन्होंने कहा, अगर राजनीतिक पार्टी चाहती है कि वे अभी इस्तीफा दे दें...तो वे क्यों पद पर बने रहेंगे, अगर उन्हें भरोसे का वह स्थान, आश्वासन का वह स्थान नहीं मिलता? हालांकि बैठक का विवरण अस्पष्ट है, लेकिन ढाका के सूत्रों ने न्यूज18 को बताया है कि यूनुस ने सरकार में बने रहने पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। नाहिद इस्लाम ने बीबीसी बांग्ला को बताया कि यूनुस इस्तीफा देने के बारे में सोच रहे हैं। इस्लाम ने बीबीसी बांग्ला को बताया कि मुख्य सलाहकार ने चिंता व्यक्त की है कि देश में मौजूदा स्थिति में वे काम नहीं कर पाएंगे।

इस्लाम ने बीबीसी बांग्ला को बताया, उन्होंने कहा कि वे इस बारे में सोच रहे हैं। उन्हें लगा कि स्थिति ऐसी है कि वे काम नहीं कर पाएंगे। हालांकि, इस्लाम ने कहा कि उन्होंने यूनुस से अनुरोध किया कि वे इस्तीफे जैसा बड़ा फैसला न लें। पिछले कुछ हफ्तों से अंतरिम प्रशासन के भीतर तनाव बढ़ रहा है। उल्लेखनीय रूप से, यूनुस और बांग्लादेश के सेना प्रमुख जनरल वकर-उज़-ज़मान के बीच मतभेद तेज़ी से स्पष्ट हो रहे हैं। प्रस्तावित मानवीय गलियारे को लेकर अन्य राजनीतिक समूहों में भी असंतोष बढ़ रहा है, जो एक महत्वपूर्ण विवाद का विषय है।

सूत्रों के अनुसार, सेना प्रमुख ने अंतरिम सरकार पर महत्वपूर्ण निर्णयों में सेना को दरकिनार करने का आरोप लगाया है, उन्होंने कहा कि कई कार्य उचित परामर्श के बिना किए जा रहे हैं। उन्होंने एक समावेशी चुनाव की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया है, उन्होंने सवाल उठाया है कि एक अनिर्वाचित अंतरिम सरकार शक्तिशाली बाहरी अभिनेताओं के साथ कैसे जुड़ सकती है और बिना सार्वजनिक जनादेश के बड़े फैसले कैसे ले सकती है।

### कनाडा में लगातार घट रही भारतीय छात्रों की संख्या, जारी परमिट की संख्या में आई 31 प्रतिशत की गिरावट

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा लगातार भारतीय छात्रों को जारी वीजा परमिट की संख्या में कमी कर रहा है। कनाडा सरकार के इमीग्रेशन रिफ्यूजी एंड सिटिजनशिप कनाडा (द्ब्रह्रष्ट) विभाग ने नए आंकड़े जारी किए हैं, जिनके मुताबिक साल 2025 की पहली तिमाही में सिर्फ 30,640 भारतीय छात्रों को परमिट जारी किए गए। पिछले साल की पहली तिमाही के मुकाबले में कनाडा जाने वाले भारतीय छात्रों में 31 प्रतिशत की कमी आई है। साल 2024 की पहली तिमाही में 44,295 भारतीय छात्रों को परमिट जारी किया गया था।

दरअसल कनाडा सरकार विदेशों से कनाडा पढ़ने आने वाले छात्रों की संख्या को नियंत्रित करना चाहती है। साल 2023 में कनाडा ने 6,81,155 विदेशी छात्रों को वीजा जारी किए थे, जिनमें से 2,78,045 भारतीय छात्रों को वीजा दिए गए थे, लेकिन उसके बाद से भारतीय छात्रों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। साल 2024 में कनाडा ने कुल 5,16,275 विदेशी छात्रों को वीजा जारी किए थे, जिनमें भारतीय छात्रों को जारी वीजा की संख्या 1,88,465 थी। कनाडा में रिकॉर्ड अप्रवासन और इसके चलते वहां घरों की कीमत में इजाफे और स्वास्थ्य एवं परिवहन पर बढ़ते दबाव के चलते कनाडा सरकार ने विदेशी छात्रों को जारी वीजा परमिट में कटौती का फैसला किया।

कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि साल 2028 तक कनाडा में अस्थायी नागरिकों की, जिनमें छात्र, विदेशी कामगार शामिल हैं, उनकी संख्या देश की कुल जनसंख्या के पांच प्रतिशत से ज्यादा नहीं होगी। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कनाडा सरकार विदेशी छात्रों को जारी परमिट की संख्या में लगातार कटौती कर रही है। साल 2025 में कनाडा सरकार सिर्फ 4,37,000 विदेशी छात्रों को ही परमिट जारी करेगी और अगले साल इसमें और कटौती हो सकती है। साथ ही नए नियमों के तहत कनाडा में पढ़ने वाले विदेशी छात्रों को ये भी साबित करना होगा कि उनके पास करीब 12.7 लाख रुपये का पर्याप्त फंड है। पिछले साल इस आरक्षित फंड की सीमा 6.14 लाख थी।

### पनामा और वेनेजुएला के बीच एक साल बाद फिर शुरू होंगी उड़ानें

**कैरेकस, एजेंसी।** पनामा और वेनेजुएला के बीच लगभग एक साल से बंद पड़ी वाणिज्यिक उड़ानें फिर से शुरू होने जा रही हैं। पनामा की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने इस बात की पुष्टि की है। दोनों देशों के बीच जुलाई 2024 में राजनयिक तनाव के चलते संबंध टूट गए थे, जब पनामा के राष्ट्रपति ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के पुनः चुनाव को मान्यता देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद वेनेजुएला ने अपनी राजनयिक टीम को पनामा से वापस बुला लिया था। अब संबंधों में सुधार के संकेत के तौर पर उड़ानों की बहाली एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### ट्रंप प्रशासन ने प्रवासी बच्चों की सुरक्षा खत्म करने की कोशिश की

वाशिंगटन, एजेंसी। ट्रंप प्रशासन ने फ्लोरेस सेटलमेंट खत्म करने की मांग करते हुए अदालत में याचिका दायर की है। यह समझौता 1990 के दशक से अमेरिका में पकड़े गए प्रवासी बच्चों को सुरक्षित और साफ-सुथरे माहौल में रखने की गारंटी देता है और 72 घंटे से ज्यादा हिरासत में रखने से रोकता है। यह दूसरी बार है जब ट्रंप सरकार ने इसे खत्म करने की कोशिश की है, पिछली बार 2020 में कोर्ट ने इसे खारिज कर दिया था। इस समझौते के तहत अदालत द्वारा नियुक्त मॉनिटर निरीक्षण करते हैं।

# चागोस द्वीप मॉरीशस को सौंपने से ब्रिटेन की सुरक्षा मजबूत होगी: ब्रिटेन सरकार

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन ने विवादित चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मॉरीशस को सौंपने के लिए बृहस्पतिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद कहा कि यह कदम अमेरिका-ब्रिटिश सैन्य अड्डे के भविष्य को सुनिश्चित करता है जो उसकी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। हिंद महासागर द्वीपसमूह के सबसे बड़े द्वीप डिएगो गार्सिया पर सामरिक रूप से अहम नौसैनिक और बमवर्षक अड्डा स्थित है। समझौते के तहत ब्रिटेन मॉरीशस को कम से कम 99 साल के लिए अड्डे को पुनः पट्टे पर लेने के लिए प्रति वर्ष औसतन 10 करोड़ 10 लाख पाउंड का भुगतान करेगा।

प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने कहा कि अमेरिकी सेना द्वारा संचालित यह अड्डा ब्रिटिश आतंकवाद-रोधी और खुफिया जानकारी के लिए महत्वपूर्ण है और यह ''हमारी घरेलू सुरक्षा का आधार है।'' स्टॉर्मर ने लंदन के निकट नॉर्थवुड में ब्रिटिश सैन्य मुख्यालय में




संवाददाताओं से कहा, ''अपनी शर्तों पर यह समझौता करके हम मजबूत सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। ... इससे यह सैन्य अड्डा अगली शताब्दी तक अच्छे तरीके से संचालित हो सकेगा और आने वाली कई पीढ़ियों तक हमें सुरक्षित रखने में मदद करेगा।''

इस समझौते के आलोचकों का तर्क है कि दो शताब्दियों से ब्रिटिश क्षेत्र रहे इस द्वीपसमूह को छोड़ने से रूस या चीन जैसी विदेशी शक्तियों के हस्तक्षेप का खतरा पैदा हो जाएगा। इस समझौते को संसद द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक है।

कंजर्वेटिव पार्टी के प्रवक्ता जेम्स कार्टलिज ने इस समझौते की कड़ी आलोचना की। यह समझौता द्वीप के कुछ मूल निवासियों के विरोध के बावजूद किया गया था। इन निवासियों को सैन्य अड्डा बनाने के लिए दशकों पहले निष्कासित कर दिया गया था। इससे पहले, ब्रिटेन की एक अदालत ने विवादित चागोस द्वीप समूह को मॉरीशस को सौंपने पर ब्रिटिश सरकार पर लगाई गई रोक हटा दी थी। स्टॉर्मर और मॉरीशस के नेता नवीन रामगुलाम द्वारा बृहस्पतिवार को समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने से कुछ घंटे पहले, उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश ने हस्तांतरण पर रोक लगाने के लिए एक अस्थायी आदेश जारी किया था। हालांकि, सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने कहा कि रोक हटा दी जानी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन से इस संबंध में परामर्श लिया गया था और उसने अपनी स्वीकृति दे दी, लेकिन लागत को लेकर अंतिम क्षणों में बातचीत के बाद समझौते को अंतिम रूप देने में देरी हुई। ब्रिटिश साम्राज्य के अंतिम अवशेषों में से एक चागोस द्वीपसमूह 1814 से ब्रिटेन के नियंत्रण में रहा है। ब्रिटेन ने 1965 में मॉरीशस से इस द्वीपसमूह को अलग कर दिया था। मॉरीशस को इसके तीन साल बाद स्वतंत्रता मिली।

# गाजा के सबसे बड़े अस्पताल में बड़ी तादाद में कुपोषण से पीड़ित बच्चे भर्ती

**गाजा, एजेंसी।** इजराइल-हमास युद्ध की कीमत मासूम बच्चे अदा कर रहे हैं। गाजा के अस्पताल में कुपोषण से पीड़ित इन बच्चों की दशा युद्ध के अभिशाप को साफ-साफ बयां करती है। अपनी दो साल की बेटी की कमजोर बांह को पकड़कर अस्मा अल-अरजा उसका कपड़ा ऊपर करके उसकी उभरी हुई पसलियों और फूले हुए पेट को दिखाती हैं। बच्ची अस्पताल के बिस्तर पर लेटी है, गहरी गहरी सांस लेती है और फिर बेकाबू होकर रोने लगती है।

यह पहली बार नहीं है जब मयार कुपोषण से जूझते हुए गाजा के अस्पताल में आई हो, लेकिन इस बार 17 दिन अस्पताल में बिताना उसके लिए काफी मुश्किल रहा। उसे सीलिएक रोग है, जो एक



'ऑटोइम्यून' विकार है जिसमें ग्लूटेन (गेहूं और जौ में पाए जाने वाला एक तत्व) के सेवन से शरीर की प्रतिरक्षा प्रणालीअपनी ही स्वस्थ कोशिकाओं और ऊतकों पर हमला करने लगती है।

इसका मतलब है कि वह 'ग्लूटेन' (गेहूं, मैदा, सूजी आदि) युक्त भोजन नहीं खा सकती और उसे विशेष भोजन की आवश्यकता होती है। लेकिन 19 महीने के युद्ध और इजराइल की कठोर नाकाबंदी के बाद युद्धग्रस्त क्षेत्र में उसके लिए खाने के विकल्प बहुत कम बचे हैं और जो उपलब्ध है उसे वह पचा नहीं पाती है। खान यूनिस के नासिर अस्पताल में मयार के बगल में बैठी उसकी मां ने कहा, ''उसे डायपर, सोया दूध और विशेष भोजन की जरूरत है। सीमा बंद होने के कारण यह सरलता से उपलब्ध नहीं है, जहां ये चीजें उपलब्ध है, वहां वो काफी महंगी हैं जिन्हें मैं वहन नहीं कर सकती।''

संयुक्त राष्ट्र बाल एजेंसी के अनुसार, मयार उन 9,000 से अधिक बच्चों में से एक है जिनका इस साल कुपोषण के लिए इलाज किया गया है और खाद्य सुरक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले साल में ऐसे हजारों मामले सामने आने की उम्मीद है। विशेषज्ञों ने यह भी चेतावनी दी है कि अगर इजराइल अपने सैन्य अभियान को नहीं रोकता है और अपनी नाकाबंदी पूरी तरह से नहीं हटाता है तो क्षेत्र में अकाल जैसी स्थिति भी आ सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पिछले सप्ताह कहा था कि लोग पहले से ही भूख से मर रहे हैं। फलस्तीनी क्षेत्रों के लिए संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के प्रतिनिधि नेस्टर ओवोमुहांगी ने कहा, ''जहां भी देखो, लोग भूखे हैं।

# जहां यूक्रेन ने किया था कब्ज़ा, अचानक वहां आ खड़े हुए पुतिन

**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन से लगे कुर्स्क क्षेत्र का दौरा किया, जिसे रूस ने पिछले महीने यूक्रेनी सेना से मुक्त कराने का दावा किया था। क्रेमलिन (रूस की संसद) ने वताया कि यह दौरा अचानक और अघोषित था। पुतिन ने वहां निर्माणाधीन कुर्स्क न्यूक्लियर एनर्जी प्लांट-2 का निरीक्षण किया और चुनिंदा वॉलंटियर्स से मुलाकात की। पूतिन ने वॉलंटियर्स से कहा कि जो आप देश के लिए कर रहे हैं, वह हमेशा आपके साथ रहेगा, क्योंकि वह शायद आपके जीवन का सवसे महत्वपूर्ण काम है।

यूक्रेनी वलों ने अगस्त 2024 में कुर्स्क क्षेत्र में अचानक घुसपैठ की थी, जो लगभग ढाई साल से चल रहे युद्ध के दौरान कीव की वड़ी सफलता थी। वहीं, रूस ने दावा किया कि उसकी वायुसेना ने रातभर में यूक्रेन के 159 ड्रोन मार गिराए, जिनमें ओरयोल इलाके में 53 और ब्रायंस्क इलाके में 51 शामिल हैं।

पुतिन ने स्वयंसेवकों के साथ चाय पीते हुए कहा, इस कठिन परिस्थिति के दौरान आप इस क्षेत्र, इस इलाके और देश के लिए जो कुछ कर रहे हैं, वह जीवन भर आपके साथ रहेगा, क्योंकि शायद यह आपके जीवन का सबसे सार्थक कार्य होगा। यूक्रेन का कुर्स्क में अचानक प्रवेश तथा वहां अपनी जमीन पर कब्जा बनाए रखने की क्षमता, एक सैन्य उपलब्धि थी, जिसे




गुप्त रूप से अंजाम दिया गया तथा इसने महीनों से मोर्चे से आ रही इन निराशाजनक खबरों का जवाब दिया था कि यूक्रेनी सेना को रूसी सेना द्वारा पीछे धकेला जा रहा है। कीव की रणनीति का उद्देश्य यह दिखाना था कि वह युद्ध अभी हारा नहीं है। पुतिन ने कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन से मुलाकात में कहा कि विस्थापित परिवारों को मासिक सहायता राशि देने की योजना जारी रखने के विचार को क्रेमलिन समर्थन देता है। पुतिन ने कहा कि वह इस क्षेत्र में एक संग्रहालय बनाने के प्रस्ताव का समर्थन करेंगे, जिसमें खिनशटेन द्वारा वर्णित हमारे रक्षकों की वीरता और क्षेत्र के निवासियों की वीरता को दर्शाया जाएगा।

# युद्धपोत के क्षतिग्रस्त होने के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार किया जाएगा: उत्तर कोरिया

**प्योंगयांग, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने जलावतरण के दौरान अपने नए नौसैनिक विध्वंसक युद्धपोत के क्षतिग्रस्त होने की घटना के संबंध में जांच और जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने के लिए कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने पोत के क्षतिग्रस्त होने की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए कहा था कि यह आपराधिक लापरवाही के कारण हुआ है। उत्तर कोरिया की नौसेना के लिए अहम 5,000 टन वजनी विध्वंसक युद्धपोत अपने जलावतरण समारोह के दौरान बुधवार को क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कार्यक्रम में उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन भी शामिल हुए थे। उत्तर कोरियाई नेता किम देश के खिलाफ व्यापक होते अमेरिका नीत खतरों से निपटने के लिए बड़े युद्धपोत चाहते हैं। उत्तर कोरिया के लिए सैन्य-संबंधी असफलताओं को स्वीकार करना सामान्य बात नहीं है लेकिन पर्यवेक्षकों का कहना है कि पोत के जलावतरण के असफल रहने का खुलासा यह दर्शाता है कि किम अपने नौसैनिक कार्यक्रम के प्रति गंभीर हैं।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) के अनुसार, 5000 टन श्रेणी का विध्वंसक पोत जलावतरण के समय 'रैंप' से फिसल गया और फंस गया जिससे युद्धपोत का संतुलन बिगड़ गया और उसका निचला हिस्सा





क्षतिग्रस्त हो गया। केसीएनए ने शुक्रवार को कहा कि ''गंभीर नुकसान नहीं हुआ'' है और इसे लगभग 10 दिन में ठीक किया जा सकता है। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर कोरिया के केंद्रीय सैन्य आयोग ने इस घटना की जांच शुरू करते हुए चोंगजिन शिपयार्ड के प्रबंधक हांग किल हो को तलब किया है। केसीएनए के अनुसार, आयोग ने कहा, ''युद्धपोत की स्थिति चाहे कितनी भी बेहतर क्यों न हो, यह सच्चाई बदली नहीं जा सकती कि यह दुर्घटना एक अक्षम्य आपराधिक कृत्य है और इसके लिए जिम्मेदार लोग अपनी जिम्मेदारी से कभी बच नहीं सकते।'' किम ने सैन्य अधिकारियों, वैज्ञानिकों और शिपयार्ड संचालकों को इस घटना के लिए दोषी ठहराया है। उन्होंने जून के अंत में होने वाली सत्तारूढ़ 'वर्कर्स पार्टी' की उच्चस्तरीय बैठक से पहले युद्धपोत की मरम्मत का काम पूरा करने का आदेश दिया है।

उत्तर कोरिया की सेंट्रल मिलिट्री कमेटी ने चोंगजिन शिपयार्ड के मैनेजर होंग किल हो को समन जारी कर पेश होने का निर्देश दिया है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया के अनुसार, भले ही जहाज को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन इस हादसे की माफी नहीं है और यह एक अपराध है। इसके जिम्मेदार लोग इससे बच नहीं पाएंगे। हादसे के समय किम जोंग उन भी मौजूद थे और उन्होंने हादसे पर कड़ी नाराजगी जताई थी। शुक्रवार को उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने बताया कि हादसे में जहाज को बहुत ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है और यह 10 दिनों में रिपेयर हो सकता है। जहाज के एक तरफ थोड़ी खरोंच आई है और जहाज के कई सेक्शन में समुद्र का पानी भर गया है। हालांकि अभी पूरे नुकसान की जानकारी नहीं दी गई है। उत्तर कोरिया से बहुत ज्यादा जानकारी बाहर नहीं जा पाती। खासकर सैन्य संबंधी मामलों को भी काफी गुप्त रखा जाता है। उत्तर कोरिया अपनी नौसैन्य ताकत को बढ़ाना चाहता है और यह युद्धक जहाज की असफल लॉन्चिंग भी उसी योजना का हिस्सा थी।

# एनडीए की बैठक में शामिल होने दिल्ली रवाना हुए नीतीश कुमार


## –रविवार को पीएम मोदी की अध्यक्षता में बैठक

**मुंबई (एजेंसी)।** पटना,(ईएमएस)। एनडीए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की उच्चस्तरीय बैठक दिल्ली में होने वाली है। इस बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार की दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हुए। उनके साथ मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा भी हैं।

रविवार को होने वाली बैठक में केंद्र की योजनाओं का ग्राउंड रिपोर्ट, आगामी नीतियां और सुशासन के मॉडल पर चर्चा की जाएगी। बिहार विस चुनाव से पहले होने वाली एनडीए की बैठक बिहार के लिए अहम मानी जा रही है। बैठक में पीएम मोदी चुनावी मंत्री दे सकते हैं। वहीं, सीएम नीतीश बैठक के बाद रविवार शाम तक पटना लौटने वाले है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा शुक्रवार देर रात ही दिल्ली पहुंच चुके हैं। तीनों नेता बिहार सरकार की ओर से बैठक में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले है। एनडीए की बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करने वाले है। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी इसमें मौजूद रहने वाले है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में कई एजेंडों पर होगी चर्चा होगी। जिसमें केंद्र की योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन होना। प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना जैसी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा।

एनडीए शासित राज्यों में कानून-व्यवस्था, भ्रष्टाचार नियंत्रण, और डिजिटल गवर्नेंस को लेकर बात की जाएगी। केंद्र में सरकार बनने के बाद पहले वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा, जनता से संवाद की रणनीति और आने वाले राज्य विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा। राज्यों के सामने आ रही प्रशासनिक और वित्तीय चुनौतियों पर पीएम से सीधी बातचीत और सुझाव लिया जाएगा।

बैठक को आगामी राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। एनडीए की एकजुटता का संदेश देने के साथ-साथ इसमें कार्य संस्कृति, जवाबदेही और जनकल्याण को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की कोशिश की जाएगी।



## पीएम मोदी का भोपाल दौरा होगा ऐतिहासिक सिंदूरी

**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के दौरे पर 31 मई को राजधानी भोपाल आ रहे हैं। पीएम मोदी का यह दौरा महिला सशक्तिकरण की एक ऐतिहासिक मिसाल बनने जा रहा है। देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती पर राजधानी के जंबूरी मैदान में आयोजित होने वाला महिला सम्मेलन एक नई सोच और ऊर्जा का प्रतीक होगा। कार्यक्रम में करीब 600 से अधिक महिलाएं सिंदूरी साड़ी में मंच और उसके आस-पास नजर आएंगे। जानकारी अनुसार पीएम मोदी के इस आयोजन में करीब एक लाख महिलाएं भाग लेंगी और सबसे खास बात यह है कि पूरी व्यवस्था महिलाओं के हाथों में होगी – मंच संचालन से लेकर सुरक्षा, ट्रैफिक और मीडिया प्रबंधन तक। सम्मेलन में पीएम मोदी देवी अहिल्याबाई होलकर को समर्पित विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्का जारी करेंगे। यह आयोजन न सिर्फ श्रद्धांजलि है, बल्कि यह महिला नेतृत्व और सहभागिता को राष्ट्रीय मंच पर सम्मान देने का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की एक प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर राज्य की विभिन्न महिला कल्याण योजनाओं की झलक, स्व सहायता समूहों के स्टॉल, स्टार्टअप्स और सेफ सिटी जैसे नवाचारों की प्रदर्शनी भी देखने को मिलेगी। यह सम्मेलन न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश के लिए एक संदेश है कि 'नारी शक्ति' अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि आयोजक और नेतृत्वकर्ता की भूमिका में भी है।

## चाईबासा कोर्ट के गैर–जमानती वारंट से राहुल गांधी की बढ़ीं मुश्किलें

### -26 जून को कोर्ट में पेश होने का आदेश

रांची (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की कानूनी मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं। दरअसल झारखंड के चाईबासा स्थित एमपी–एमएलए विशेष अदालत ने राहुल गांधी के खिलाफ गैर–जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया है और उन्हें 26 जून 2025 को अदालत में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। यह वारंट राहुल गांधी की लगातार अनुपस्थिति और अदालत द्वारा जारी समन की अवहेलना के चलते जारी किया गया। राहुल गांधी के वकील द्वारा दाखिल व्यक्तिगत पेशी से छूट की अर्जी को न्यायिक दंडाधिकारी ने खारिज कर दिया। इससे पहले भी उनके खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए।

**मामला किससे जुड़ा है?**

यह पूरा मामला 28 मार्च 2018 को दिए गए एक राजनीतिक भाषण से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने कथित तौर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। इस भाषण के बाद भाजपा नेता प्रताप कटियार ने 9 जुलाई 2018 को चाईबासा सीजेएम कोर्ट में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे को झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर फरवरी 2020 में रांची की एमपी–एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित किया गया था। बाद में चाईबासा में जब एमपी–एमएलए कोर्ट की शुरुआत हुई तो मामला पुनः वहीं स्थानांतरित कर दिया गया।

## नाराज बेटी के.कविता ने पिता केसीआर को भगवान बताते हुए कहा– वो शैतानों से घिरे

हैदराबाद (एजेंसी)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की वरिष्ठ नेता और पार्टी प्रमुख के चंद्रशेखर राव (केसीआर) की बेटी के. कविता ने एक बयान में पार्टी के अंदर 'षड्यंत्रों' और 'गोपनीय पत्र' के लीक होने की बात कही। अमेरिका से लौटने के बाद हैदराबाद एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कविता ने कहा, दो हफ्ते पहले मैंने केसीआर जी को एक पत्र लिखा था। यह पूरी तरह पार्टी के भीतर का संवाद था। लेकिन यह बाहर कैसे आया? इसके बारे में हम सबको सोचना होगा। उन्होने साफ कहा कि पिता केसीआर भगवान हैं पर, शैतानों से घिरे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने जनता के मन की बात लिखी थी, न कि कोई निजी नाराजगी जताई। पत्र में उन्होंने वॉरंगल में 27 अप्रैल को हुई पार्टी की सिल्वर जुबली रैली का ज़िक्र किया, जिसमें केसीआर ने केवल दो मिनट का भाषण दिया था। कविता ने लिखा, 'आपने बीजेपी के खिलाफ थोड़ा और बोलना चाहिए था, डैडी हो सकता है, ये मेरी तकलीफ हो (बीजेपी से) लेकिन कार्यकर्ताओं को एक स्पष्ट संदेश मिलना चाहिए था। जब उनसे पूछा कि ये 'षड्यंत्र' कौन कर रहा है, तो कविता ने कहा, केसीआर जी हमारे लिए भगवान जैसे हैं। लेकिन उनके आसपास कुछ ऐसे लोग हैं जो पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अगर एक बेटी द्वारा लिखा गोपनीय पत्र लीक हो सकता है, तो अन्य कार्यकर्ताओं की स्थिति क्या होगी– इस पर पूरी पार्टी को आत्ममंथन करना चाहिए। उन्होंने यह भी लिखा कि कांग्रेस की जमीनी पकड़ ढीली हो गई है और कुछ कार्यकर्ता बीजेपी को विकल्प मानने लगे हैं। बीआरएस द्वारा हालिया एमएलसी चुनाव न लड़ने को भी उन्होंने पार्टी में संभावित बीजेपी से नज़दीकी के संकेत के रूप में देखा। कविता का यह खुला बयान बीआरएस के भीतर संभावित खींचतान और भावी दिशा को लेकर सवाल खड़े करता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को कैडर समीक्षा को लेकर दिए निर्देश

नई दिल्ली(एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि 2021 में होने वाली कैडर समीक्षा को 6 माह की अवधि के अंदर आईटीबीपी, बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ और एसएसबी सहित सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में किया जाए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग को कैडर समीक्षा और मौजूदा सेवा/भर्ती नियमों के संशोधन के संबंध में गृह मंत्रालय से कार्रवाई रिपोर्ट प्राप्त होने के तीन माह के भीतर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया। यह निर्देश गैर–कार्यात्मक वित्तीय उन्नयन, कैडर समीक्षा, पुनर्गठन और आईपीएस प्रतिनियुक्ति को समाप्त करने के उद्देश्य से भर्ती नियमों में संशोधन की मांग वाली याचिकाओं के समूह की सुनवाई के दौरान जारी किया गया। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि सीएपीएफ के कैडर अधिकारियों की सेवा गतिशीलता के दोहरे उद्देश्यों को ध्यान में रखकर एक ओर ठहराव को दूर करना और दूसरी ओर बलों की परिचालन/कार्यात्मक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, हमारा विचार है कि सीएपीएफ के कैडर में वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (एसएजी) के स्तर तक प्रतिनियुक्ति के लिए निर्धारित पदों की संख्या को समय के साथ उत्तरोत्तर कम किया जाना चाहिए। इससे सीएपीएफ के प्रशासनिक ढांचे के भीतर निर्णय लेने की प्रक्रिया में सीएपीएफ से संबंधित कैडर अधिकारियों की भागीदारी की भावना आएगी, जिससे कैडर अधिकारियों की लंबे समय से चली आ रही शिकायतें दूर होंगी। पीठ ने सीमाओं पर और देश के भीतर राष्ट्रीय सुरक्षा बनाए रखने में सीएपीएफ की आवश्यक भूमिका पर जोर दिया।

## टेक सपोर्ट घोटाले के आरोपी अंगद सिंह अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित

नई दिल्ली (एजेंसी)। टेक सपोर्ट घोटाले के आरोपी अंगद सिंह चंडोक को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिका से भारत प्रत्यर्पित किया है। चंडोक को एक अमेरिकी अदालत ने ऑनलाइन टेक सपोर्ट घोटाला चलाने के लिए दोषी माना था, इससे अमेरिकी नागरिकों, खासकर वरिष्ठ नागरिकों से लाखों डॉलर की ठगी की गई थी। आरोपों के अनुसार, चंडोक ने कई फर्जी कंपनियां बनाकर उनका इस्तेमाल टेक सपोर्ट स्कीम के दवारा चुराए गए फंड को भारत और दूसरे देशों में ट्रांसफर करने के लिए किया।

## आतिशी ने सीएम रेखा गुप्ता को लिखा पत्र, बोलीं- चार इंजन की सरकार के बावजूद जल संकट




**लखनऊ (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी के जल संबंधी मुद्दों पर चर्चा के लिए समय मांगा है। दिल्ली के सीएम को लिखे अपने पत्र में आतिशी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि रेखा गुप्ता दिल्ली के लोगों से जुड़े बेहद गंभीर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलेंगी। उन्होंने दावा किया कि मैं आपको यह पत्र राजधानी दिल्ली में व्याप्त भीषण जल संकट के बारे में लिख रही हूँ। अभी तो मई का महीना ही है, गर्मी का असली प्रकोप अभी आना बाकी है और दिल्ली के लोग पहले से ही पानी की भारी कमी से जूझ रहे हैं।

आतिशी ने कहा कि पूरे शहर में लोग पानी की कमी के कारण परेशान हैं। पानी के टैंकरों के सामने लाइन में खड़ी महिलाएं, बाल्टी और बर्तन लेकर इंतजार कर रहे बच्चे और पीने के पानी के लिए बाजार से पानी की बड़ी बोतलें खरीदते परिवार- ये दृश्य तेजी से दिल्ली की नई पहचान बनते जा रहे हैं। क्या ऐसी ही दिल्ली का वादा आपने अपने निवासियों से किया था? इसके अलावा, दिल्ली विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सीएम गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा सरकार दिल्ली के लोगों के लिए बुनियादी जल आपूर्ति भी सुनिश्चित करने में विफल रही है, जिससे 24 घंटे तक आपूर्ति बाधित रहती है।

आतिशी ने कहा कि लोगों के फोन पर लगातार पानी की आपूर्ति में कटौती के संदेश आ रहे हैं। फिर भी आपकी सरकार और आपके मंत्री पूरी तरह से चुप हैं - कोई ठोस योजना नहीं, कोई राहत प्रयास नहीं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि भाजपा की चार इंजन वाली सरकार - केंद्र में, उपराज्यपाल, एमसीडी और अब मुख्यमंत्री की कुर्सी पर होने के बावजूद - दिल्ली के लोगों को पानी जैसी बुनियादी ज़रूरत के लिए भी लाचार छोड़ा जा रहा है। अगर मई में यह हाल है, तो जब गर्मी और बढ़ेगी तो क्या होगा? क्या आपकी सरकार दिल्ली के निवासियों को पीने के पानी के लिए भी ईश्वरीय हस्तक्षेप पर निर्भर छोड़ने की योजना बना रही है?

## पहलगाम हमले को लेकर एक और भाजपा नेता ने दिया विवादित बयान

### –सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा– वीरांगना जैसा जोश नहीं था मरने वालों में



**भिवानी (एजेंसी)।** हरियाणा से भाजपा के राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर विवादित बयान दे दिया है। शनिवार को भिवानी में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हमले में मारे गए लोगों की महिलाओं में वीरांगना जैसा जोश नहीं था, इसलिए वे आतंकियों का शिकार बने।

सांसद जांगड़ा ने कहा, कि अपना सुहाग खोने वाली महिलाओं में वीरता और वीरांगना जैसा भाव नहीं था, इसलिए 26 लोग मारे गए। यदि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अग्निवीर योजना के तहत दी जाने वाली ट्रेनिंग से लैस होते, तो हालात अलग होते। उन्होंने दावा किया कि यदि पर्यटकों के हाथ में लाठी-डंडा या कोई भी हथियार होता और वे चारों ओर से आतंकियों पर टूट पड़ते, तो नुकसान कम होता और आतंकियों का भी सफाया हो सकता था। उन्होंने यह भी कहा कि यह हमला इस बात का प्रमाण है कि देश के नागरिकों को भी आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए।

जांगड़ा का यह विवादित बयान ऐसे समय में आया है, जबकि पहले से ही भाजपा नेताओं के विवादित बोल के कारण पार्टी और सरकार खुद को बैकफुट पर पा रही है। उन्होंने यह बयान पहलगाम आतंकी हमले को लेकर दिया है जिसमें दो दर्जन से ज्यादा लोगों की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके जवाब में 7 मई को भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी।

**राजनीतिक और सामाजिक हलकों में नाराज़गी**

सांसद के इस बयान को लेकर विपक्षी दलों और सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। विपक्ष का कहना है कि यह बयान न सिर्फ मृतकों के प्रति असंवेदनशील है, बल्कि महिलाओं के साहस पर भी सवाल खड़ा करता है। एक स्थानीय महिला संगठन की प्रतिनिधि ने कहा, इस तरह के बयान पीड़ित परिवारों के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है। नेता संवेदना प्रकट करने की बजाय दोषारोपण कर रहे हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण है।

## चुप क्यों हैं? कृपया जवाब दें... नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर राहुल गांधी पर बरसे केटीआर



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव ने शनिवार को नेशनल हेराल्ड मामले पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाया। तेलंगाना भवन में मीडिया से बात करते हुए केटीआर ने कहा कि राहुल गांधी जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं? वह बात क्यों नहीं कर रहे हैं? राहुल गांधी इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? कृपया जवाब दें। उन्होंने कहा कि आपके साथ-साथ आपके एक मुख्यमंत्री का भी नाम आरोपपत्र में आरोपी के तौर पर दर्ज है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री का नाम उन लोगों के तौर पर दर्ज है, जिन्होंने नेशनल हेराल्ड और यंग इंडिया के खातों में धन के लेनदेन में मदद की।

बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी मांग की कि अगर सीएम रेवंत रेड्डी नैतिक और ईमानदार हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड चार्जशीट में रेवंत रेड्डी का नाम शामिल करना तेलंगाना के लिए अपमान की बात है। उन्होंने कहा कि जहां कर्नाटक में बीजेपी के नेता डीके शिवकुमार की आलोचना कर रहे हैं, वहीं तेलंगाना के बीजेपी नेता रेवंत रेड्डी को एक शब्द भी नहीं कहते हैं, जो दोनों पार्टियों के बीच अनोखे रिश्ते का प्रमाण है।


बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष ने यह भी मांग की कि अगर सीएम रेवंत रेड्डी नैतिक और ईमानदार हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड चार्जशीट में रेवंत रेड्डी का नाम शामिल करना तेलंगाना के लिए अपमान की बात है। उन्होंने कहा कि जहां कर्नाटक में बीजेपी के नेता डीके शिवकुमार की आलोचना कर रहे हैं, वहीं तेलंगाना के बीजेपी नेता रेवंत रेड्डी को एक शब्द भी नहीं कहते हैं, जो दोनों पार्टियों के बीच अनोखे रिश्ते का प्रमाण है।


## आज गुजरात से लेकर महाराष्ट्र तक हो सकती है भारी बारिश, गोवा में रेड अलर्ट



**पणजी (गोवा) (एजेंसी)।** देश के वेस्टर्न कोस्ट पर स्थित राज्यों में कई जगहों पर मूसलाधार बारिश रिकॉर्ड की गई है। महाराष्ट्र से लेकर गुजरात तक में बेमौसम तेज बरसात हुई है। अब भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की ओर से एक और राज्य के लिए अलर्ट ही नहीं, बल्कि रेड अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि गोवा में रविवार 25 मई 2025 तक मूसलाधार बारिश होने का पूर्वानुमान जताया है। मछुआरों को समंदर में न जाने की सलाह दी है। अरब सागर में लो प्रेशर का एरिया डेवलप होने की वजह से तेज हवाएं चल रही हैं। इस वजह से समंदर में तेज और ऊंची लहरें उठने लगी हैं। इसे देखते हुए मछुआरों सावधान और सतर्क रहने की सलाह दी है।

गोवा सरकार और आपदा प्रबंधन टीमें सतर्क मोड में हैं और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए तैयार हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे मौसम की चेतावनियों का पालन करें और सुरक्षित स्थानों पर रहें। गोवा आमतौर पर अपनी प्राकृतिक सुंदरता और झरनों के लिए जाना जाता है, लेकिन फिलहाल बारिश के प्रकोप से जूझ रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि पर्यटक और स्थानीय निवासी अत्यधिक सावधानी बरतें और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें, ताकि जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

भारतीय मौसम विभाग ने गोवा में भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी देते हुए रविवार तक के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। लगातार हो रही मूसलधार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हो गया है और राज्य सरकार ने लोगों से नदियों और झरनों की ओर न जाने की अपील की है। पिछले 24 घंटों में गोवा के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई है। मौसम विभाग की वेबसाइट के अनुसार, दक्षिण गोवा के फोंडा में सबसे अधिक 162 मिमी बारिश दर्ज की गई है। इसके बाद धारबांदोडा तालुका में 124.2 मिमी और मडगांव में 123.4 मिमी वर्षा हुई। रेड अलर्ट के तहत मौसम विभाग ने शुक्रवार को चेतावनी जारी की थी, जो रविवार तक के लिए प्रभावी कर दिया गया है। इस दौरान राज्य में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई गई है।

## भारत में फिर से फैल रहा कोरोना, डॉक्टरों ने यात्रा से बचने और सुरक्षा रखने को कहा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कोरोना ने फिर से एशियाई देशों और भारत में तेजी से पैर पसार रहा है। हांगकांग, सिंगापुर,थाईलैंड जैसे देशों में कोरोना संक्रमण के नए मामले सामने आ रहे हैं। भारत में भी केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में संक्रमण की संख्या बढ़ रही है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड-19 डैशबोर्ड के मुताबिक 19 मई तक देश में सक्रिय मामलों की संख्या 257 पहुंची है। खासकर केरल में 12 मई से अब तक 69 नए मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं महाराष्ट्र में 44 और तमिलनाडु में 34 नए संक्रमित मिले हैं। इस बढ़ती हुई संख्या ने लोगों में चिंता बढ़ा दी है और ट्रैवल को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन्हें अभी 'चिंता का वेरिएंट' नहीं माना है, लेकिन इसकी तेजी से फैलने की क्षमता ने मोदी सरकारों को सतर्क कर दिया है। इसके चलते निगरानी और टेस्टिंग के उपाय मजबूत किए जा रहे हैं ताकि संक्रमण को रोक सके। हाल के दिनों में इस नई लहर में कुछ चर्चित हस्तियां भी संक्रमित हुई हैं, जिसमें बिग बॉस 18 की अभिनेत्री शिल्पा शिरोडकर और आईपीएल टीम हैदराबाद के बल्लेबाज ट्रेविस हेड शामिल हैं। यह स्पष्ट संकेत है कि वायरस अभी भी सक्रिय है और सावधानी बरतना जरूरी है। विशेषज्ञों का कहना है कि वर्तमान स्थिति में ट्रैवल प्लान करने से पहले दो बार सोचने की जरूरत है, खासकर उन देशों की यात्रा जहां संक्रमण तेजी से फैल रहा है। डॉक्टरों का कहना हैं कि इम्यूनिटी को मजबूत रखने पर विशेष ध्यान दें। इसके साथ ही मास्क पहनना, हाथ धोते रहना और भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचना बेहद जरूरी है। यात्रा अनिवार्य हो तो इन्हीं सावधानियों का पालन करें ताकि संक्रमण से बचा जा सके। फिलहाल स्थिति देखते हुए, अगर यात्रा टाली जा सके बेहतर होगा।

## देश की एकता और अखंडता पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत... कांग्रेस नेता पर बरसे सिंधिया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दावा किया है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की आदत है कि वे देश की एकता पर सवाल उठाते हैं, भले ही भारतीय एकजुट हों। यह टिप्पणी राहुल गांधी द्वारा विदेश मंत्री एस जयशंकर से पूछे गए तीन सवालों के बारे में पूछे जाने के बाद आई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि देश की एकता, अखंडता और सम्मान पर सवाल उठाना राहुल गांधी की आदत है, खासकर ऐसे समय में जब 140 करोड़ भारतीय एकजुट हैं और कुछ तत्व भारत की संप्रभुता और एकता पर सवाल उठा रहे हैं।

केंद्रीय संचार मंत्री ने जयशंकर से पूछे गए सवालों के समय को लेकर भी कांग्रेस नेता की आलोचना की। सिंधिया ने कहा कि यहां तक कि जब आतंकवादियों और दुश्मनों का सामना करना पड़ रहा हो? ऐसे गंभीर समय में इस तरह के सवाल उठाना- यह किस तरह की विचारधारा है? न तो आप और न ही हम इसे समझ सकते हैं। कभी गांधी के करीबी रहे सिंधिया 2018 में कांग्रेस से अलग होकर भाजपा में शामिल हो गए थे।

गांधी ने शुक्रवार को जयशंकर पर निशाना साधते हुए दावा किया कि भारत की विदेश नीति 'ध्वस्त' हो गई है। उन्होंने कांग्रेस की एक पोस्ट को टैग किया जिसमें जयशंकर का एक वीडियो क्लिप था जिसमें वे डच ब्रॉडकास्टर एनओएस के साथ साक्षात्कार के दौरान पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद भारत-पाक संघर्ष पर सवालों के जवाब दे रहे थे। गांधी ने कहा, 'क्या जेजे (जयशंकर) बताएंगे कि भारत को पाकिस्तान के साथ क्यों जोड़ा गया है? पाकिस्तान की निंदा करने में एक भी देश ने हमारा साथ क्यों नहीं दिया? ट्रंप से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा?'



# बैंक निष्क्रिय बैंक खातों को सक्रिय करने केवाईसी सुविधा उपलब्ध कराए: आरबीआई

## ग्राहकों को अपने खाते सक्रिय करने के लिए अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा

**नई दिल्ली।**

भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में जारी परिपत्र में कहा कि बैंक सभी गैर प्रमुख शाखाओं सहित सभी शाखाओं में निष्क्रिय खातों या बिना दावे वाली रकम के लिए अनिवार्य रूप से जानें अपने ग्राहक (केवाईसी) के विवरण को दुरुस्त करने की सुविधा मुहैया करवाएं। इसके अलावा बैंकों को वीडियो उपभोक्ता पहचान प्रक्रिया (वी-सीआईपी) उपलब्ध होने की स्थिति में खातेधारक की मांग पर यह सुविधा मुहैया करवानी चाहिए। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा कि निष्क्रिय बैंक खातों को सक्रिय करने के लिए अधिकृत बिजनेस कॉरस्पोंडेंट की मदद भी ली जा सकती है। रिजर्व बैंक ने इस प्रारूप परिपत्र पर साझेदारों की टिप्पणी 6 जून तक मांगी है। रिजर्व बैंक ने जनवरी में बिना दावे वाली रकम और निष्क्रिय खातों के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए थे। इसके तहत ग्राहक के खाते की जानकारी या चेक बुक का अनुरोध शामिल करने सहित गैर वित्तीय गतिविधियां या कोई वित्तीय लेन देन दो वर्ष तक नहीं होने की स्थिति में ऐसे खातों को 'निष्क्रिय' श्रेणी में रखा




जाएगा। इसके अलावा रिजर्व बैंक ने बैंकों को निर्देश दिया कि वह एक साल की अवधि से अधिक समय से उपभोक्ता की बिना लेन देन की पहल वाले खातों की सालाना समीक्षा करे। ग्राहकों को निष्क्रिय होने वाले बैंक खातों की स्थिति के बारे में पत्रों, ईमेल या एसएमएस के जरिये अधिसूचित किया जाएगा। ग्राहकों को अपने खाते सक्रिय करने के लिए अतिरिक्त समय भी दिया जाएगा।

# नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक अब हुआ स्लाइस स्मॉल फाइनेंस बैंक

## बैंक द्वारा जारी की गई चेकबुक पहले की तरह ही मान्य रहेंगी

**नई दिल्ली।**

भारत का एक अपना वैश्विक बैंकिंग कार्यक्रम शुरू करने वाले नॉर्थ ईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने अपना नाम बदलकर स्लाइस स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड कर लिया है। यह बदलाव भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची के अंतर्गत किया गया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक अधिसूचना जारी कर यह जानकारी दी। इस नए नाम के साथ बैंक का इरादा अब पूरे देश में अपनी शाखाओं का विस्तार करना है। बैंक बाजार डॉट कॉम के सीईओ का कहना है कि ये तरह के बदलाव एक संगठित प्रक्रिया के तहत होते हैं, जो कई बार छह महीने से एक साल तक चल सकते हैं। इस दौरान ग्राहक अपने पुराने डॉक्युमेंट्स का ही उपयोग कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट के एक एडवोकेट ने बताया कि सिर्फ बैंक का नाम बदल जाने से ग्राहकों को तुरंत नए बैंकिंग डॉक्युमेंट्स लेने की कोई आवश्यकता नहीं होती। सभी पुराने दस्तावेज, जिन पर पुराने बैंक का नाम है, पूरी तरह वैध रहते हैं, जब तक कि बैंक कोई और सूचना न दे। भारतीय रिजर्व




बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक द्वारा जारी की गई चेकबुक आदि पहले की तरह ही मान्य रहेंगी।

# बैंकिंग सेवाएं में सुधार के लिए वित्त मंत्रालय ने बैंकों को दिए निर्देश

## मंत्रालय का उद्देश्य है ग्राहकों को बेहतर और सम्मानजनक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना



**नई दिल्ली।**

वित्त मंत्रालय ने हाल ही में सरकारी बैंकों में किए गए गलत व्यवहार के मामलों पर नजर डालते हुए सभी सार्वज निक बैंकों को सख्ती से निर्देश दिया है। मंत्रालय का उद्देश्य है ग्राहकों को बेहतर और सम्मानजनक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना। वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने सभी पीएसबी प्रमुखों को कहा कि वे कर्मचारी आचरण के लिए तयशुदा दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित करें। उन्होंने बैंकों को शाखाओं के प्रबंधकों के प्रदर्शन की समीक्षा करने का भी निर्देश दिया। हाल ही में एक एसबीआई शाखा पर आई विवादित घटना ने सार्वजनिक ध्यान आकर्षित किया, जिसमें एक अधिकारी ने ग्राहक से अपमानजनक व्यवहार किया था। बाद में उस अधिकारी ने माफी की मांग की और एसबीआई ने इसे बर्दाश्त नहीं करने का दावा किया। नागराजू ने अचानक दौरे पर दिल्ली के सार्वज निक बैंकों का निरीक्षण किया, जिसमें उन्हें अच्छे और बुरे अनुभव देखने को मिले। ये बैंक अब कर्मचारियों की सॉफ्ट स्किल्स को बेहतर बनाने के लिए एआई भी शुरू कर रहे हैं। एक सूत्र ने बताया कि सभी बैंक कर्मचारियों को ग्राहकों के प्रति उदार होने के लिए ट्रेनिंग प्रोग्राम चला रहे हैं। इस नए प्रयास से ग्राहकों को बेहतर सेवा मिलने की उम्मीद है।

# फ्यूचर एंड ऑप्शन्स ट्रेडिंग रिटेल निवेशकों के लिए गहरी खाई

## वित्त वर्ष 2024 में फ्यूचर एंड ऑप्शंस में 91 फीसदी निवेशकों को घाटा




**नई दिल्ली।**

सेबी की रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2024 में फ्यूचर एंड ऑप्शंस में 91 फीसदी निवेशकों को नुकसान का सामना करना पड़ा है। यह एक चिंताजनक संकेत देता है कि अधिकांश निजी निवेशक इस बाजार में घाटे में हैं। लेकिन अन्य ओर इक्विटी ऑप्शन में जमकर कारोबार करने वाले बड़े खिलाड़ी मुनाफा कूट रहे हैं। वित्त वर्ष 2025 में इक्विटी ऑप्शन में कारोबार काफी बढ़ गया है, जिससे यह डेरिवेटिव बाजार का सबसे बड़ा हो गया है। सेबी ने उच्च निवेश सीमा और बड़ी लॉट साइज के प्रावधान किए हैं ताकि रिटेल निवेशकों की हतोभय बढ़े। लेकिन इन्हीं कदमों के बावजूद रिटेल निवेशकों का एक भाग भी घाटा हो रहा है। इसके बावजूद विदेशी निवेश फर्मों और उन्नत कंप्यूटर एल्गोरिदम का उपयोग करने वाले कंपनियों के लिए यह कारोबार लाभदायक साबित हो रहा है। इसके साथ ही भारतीय इक्विटी डेरिवेटिव्स से जुड़ी एक अमेरिकी कंपनी जेन स्ट्रीट ग्रुप की कमाई की वार्षिक रिपोर्ट के बाद सेबी की जांच उसके खिलाफ शुरू हुई है। विशेषज्ञों के मुताबिक ऑप्शन ट्रेडिंग कारोबार विदेशी कंपनियों के लिए बेहद लाभदायक साबित हो रहा है जबकि रिटेल निवेशकों के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण क्षेत्र बन गया है।

# जीएसटी काउंसिल की अगली बैठक में कर की दरों को तर्कसंगत बनाने, क्षतिपूर्ति उपकर पर चर्चा होने की संभावना

**नई दिल्ली।**

जीएसटी परिषद अपनी अगली बैठक में कर की दरों को तर्कसंगत बनाने और क्षतिपूर्ति उपकर के भविष्य पर विचार कर सकती है। इसके साथ ही अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने और मौजूदा वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) दर फ्रेमवर्क में विसंगतियों को दूर करने पर ध्यान दिया जा सकता है। नई दिल्ली में होने वाली बैठक जल्द ही बुलाए जाने की उम्मीद है, जिसमें राज्य भी अगले फिस्कल प्लानिंग साइकल से पहले अपने रेवेन्यू आउटलुक पर स्पष्टता के लिए दबाव डाल रहे हैं। एनडीटीवी प्रॉफिट सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट के अनुसार, जीएसटी लागू होने के बाद राज्यों के राजस्व घाटे की भरपाई के लिए शुरू किए गए शुल्क, क्षतिपूर्ति उपकर का मुद्दा भी चर्चा में है, खासकर तब जब 2026 से आगे भी इसे जारी रखना बहस का विषय बन गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मार्च में कहा था कि जीएसटी दरों में और कमी की जाएगी क्योंकि कर स्लैब को तर्कसंगत बनाने की प्रक्रिया पूरी होने वाली है।

जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के समय रेवेन्यू न्यूट्रल रेट (आरएनआर) 15.8 प्रतिशत थी, जो अब 2023 में घटकर 11.4 प्रतिशत हो गई है और इसमें और कमी आएगी। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि जीएसटी स्लैब को सरल बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है और जीएसटी परिषद, जिसका नेतृत्व वित्त मंत्री करते हैं और जिसमें राज्य के वित्त मंत्री शामिल हैं, जल्द ही अंतिम निर्णय लेगी। जीएसटी दरों और स्लैब में बदलाव का सुझाव देने के लिए सितंबर 2021 में मंत्री समूह (जीओएम) का गठन किया गया था। इस समिति में छह राज्यों के वित्त मंत्री शामिल हैं। यह समिति टैक्स सिस्टम को अधिक कुशल बनाने पर काम कर रही है। रेशनलाइजेशन प्रक्रिया में कर स्लैब की संख्या कम करना, दरों को सुव्यवस्थित करना और विभिन्न उद्योगों की उठाई गई प्रमुख चिंताओं का समाधान करना शामिल है।

केंद्रीय मंत्री ने आगे जोर दिया कि अगली जीएसटी परिषद की बैठक में प्रस्ताव पेश करने से पहले अंतिम समीक्षा चल रही है।

# स्कोडा ट्यूब्स का आईपीओ 28 मई को खुलेगा

## मूल्य दायरा 130-140 रुपये प्रति शेयर

**नई दिल्ली।**

स्टेनलेस स्टील ट्यूब और पाइप विनिर्माता स्कोडा ट्यूब्स का 220 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 28 मई को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 130-140 रुपये प्रति शेयर तय किया। आईपीओ 30 मई को बंद होगा। गुजरात की कंपनी ने एक बयान में कहा कि एंकर (बड़े) निवेशक 27 मई को बोली लगा सकेंगे। स्कोडा ट्यूब्स का आईपीओ पूर्णतः इक्विटी शेयरों का ताजा निर्गम है, जिसकी कुल राशि 220 करोड़ रुपये है, जिसमें बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल नहीं है। इस निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग ट्यूब और पाइप के उत्पादन की क्षमता बढ़ाने, कार्यशील पूंजी जरूरतों और सामान्य कॉरपोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। कंपनी ने कहा कि मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर कंपनी का मूल्य लगभग 840 करोड़ रुपये है। निर्गम आकार का आधा हिस्सा पात्र संस्थागत खरीदारों के लिए, 35 प्रतिशत खुदरा निवेशकों के लिए तथा शेष 15 प्रतिशत गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए आरक्षित किया गया है।




# एक सप्ताह में सोना 3,170 रुपए महंगा, चांदी में भी 2300 का उछाल

**नई दिल्ली।**

इस हफ्ते सोने और चांदी की कीमतों में एक बार फिर तेज़ी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) की वेबसाइट के मुताबिक 17 मई को सोने की कीमत 92,301 प्रति 10 ग्राम थी, जो 24 मई को बढ़कर 95,471 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई यानी एक सप्ताह में सोने की कीमत में 3,170 रुपए का इजाफा हो गया। वहीं चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 17 मई को चांदी की कीमत 94,606 रुपए प्रति किलोग्राम थी, जो अब बढ़कर 96,909 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है यानी इस हफ्ते चांदी की कीमत में 2,303 रुपए का इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि इससे पहले सोने ने 21 अप्रैल को 99,100 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी ने 28 मार्च को 1,00,934 प्रति किलोग्राम का अब तक का सर्वोच्च स्तर छू लिया था। दिल्ली में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 900,50 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,230 रुपए है। मुंबई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,080 रुपए है। कोलकाता में 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 89,900 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 98,080 रुपए है। वहीं चेन्नई में 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 89,900 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 98,080 रुपए है।

# टोयोटा की इस कार की हुई बंपर ब्रिकी, लेकिन दूसरी को एक भी खरीददार नहीं मिला

**मुंबई।**

भारतीय ग्राहकों के बीच टोयोटा की कारों की हमेशा डिमांड रहती है। इसमें टोयोटा इनोवा, हायराइडर और ग्लैंजा जैसी कार जबरदस्त पॉपुलर है। बीते महीने अप्रैल, 2025 में टोयोटा इनोवा ने 7,000 से ज्यादा एमपीवी की बिक्री करके टॉप पोजीशन हासिल किया। हालांकि, इसी दौरान टोयोटा की एक धांसू एसयूवी लैंड क्रूजर 300 को निराशा हाथ लगी। बता दें कि इस दौरान टोयोटा लैंड क्रूजर 300 को एक भी खरीदार नहीं मिले। वहीं बात करे टोयोटा लैंड क्रूजर 300 की, तब इसमें 3.3-लीटर का ट्विन-टर्बो डीजल इंजन मिलेगा है जो 309बीएचपी की अधिकतम पावर और 700एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करेगा है। इस एसयूवी के इंजन को 10-स्पीड ऑटोमेटिक गियरबॉक्स से जोड़ा गया है। भारतीय मार्केट में टोयोटा लैंड क्रूजर का मुकाबला लैंड रोवर रेंज रोवर और लेक्सस एलएक्स से होता है। टोयोटा की यह एसयूवी सिर्फ एक वैरिएंट जेडएक्स में उपलब्ध है। टोयोटा की एसयूवी में फीचर्स के तौर पर 12.3-इंच की फ्री-फ्लोटिंग टचस्क्रीन सिस्टम, 4-जोन क्लाइमेट कंट्रोल के साथ पावर्ड एडजेस्टेबल फ्रंट सीटें दी गई है। इसके अलावा, पैसेंजर की सेफ्टी के लिए एसयूवी में 10-एयरबैग, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम, ट्रैक्शन कंट्रोल, पार्किंग सपोर्ट ब्रेक और एडीएएस जैसी टेक्नोलॉजी भी दी गई है। भारतीय मार्केट में टोयोटा लैंड क्रूजर 300 की एक्स-शोरूम कीमत 2.10 करोड रुपये रखी गई है।

# सेंसेक्स और निफ्टी में एक फीसदी की रही तेजी

## सेंसेक्स 769 अंक उछलकर 81,721 अंक पर बंद

### निफ्टी 243.46 अंक बढ़कर 24,853 पर बंद

**मुंबई।**

बीते सप्ताह घरेलू शेयर बाजार में पांचों कारोबारी दिन उतार-चढ़ाव देखा गया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स और निफ्टी में लगभग एक फीसदी की तेजी देखी गई। बाजार के जानकारों का कहना है कि वैश्विक बाजारों से मिले अच्छे संकेत और यूएस बांड यील्ड में गिरावट से घरेलू शेयर बाजार को सहारा मिला। सबसे अधिक उछाल बैंकिंग, आईटी और मेटल सेक्टरों में देखने को मिला।

बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को इन्फोसिस और टीएसी जैसे दिग्गज आईटी स्टॉक्स में गिरावट ने बाजार को नीचे की तरफ खींचा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 115 अंक की गिरावट लेकर 82,215 पर खुला और 271.17 अंक गिरकर 82,059.42 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 50 6 अंक गिरकर 25,013 पर खुला और 74.35 अंक गिरकर 24,945.45 पर बंद हुआ। मंगलवार को सेंसेक्स 18.33 अंक की मामूली बढ़त लेकर 82,077.75 पर खुला और 905.72 अंक गिरकर 81,153.70 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज भी मजबूती के साथ 24,996.20 अंक पर खुला और 261.55 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 24,683.90 पर बंद हुआ। बुधवार को शुरुआती कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बेंचमार्क सूचकांक बीएसई सेंसेक्स तेजी के साथ 835.2 अंक बढ़कर 82,021.64 अंक पर खुला और 410.19 अंक उछलकर 81,596.63 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 262.3 अंक बढ़कर 24,946.20 अंक पर खुला और 129.55 अंक की बढ़त के साथ 24,813.45 पर




बंद हुआ। वैश्विक बाजार में नरमी के असर से भारतीय बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को गिरावट के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 578.3 अंक गिरकर 81,018.33 पर खुला और 644.64 अंक गिरकर 80,951.99 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 215.55 अंक गिरकर 24,597.90 पर खुला और 203.75 अंक गिरकर 24,609.70 पर बंद हुआ। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में हरियाली दिखी। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 219.05 अंक चढ़कर 81,171.04 पर खुला और 769.09 अंक या 0.95 प्रतिशत उछलकर 81,721.08 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 166.50 (0.68 फीसदी) अंक उछलकर 24,776.20 पर खुला और 243.46 अंक या 0.99 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,853.15 पर बंद हुआ।

# स्टारलिंक का भारतीय बाजार में जल्द होगा प्रवेश!

## 840 रुपए में मिलेगा अनलिमिटेड सैटेलाइट इंटरनेट

**मुंबई।** भारत के डिजिटल भविष्य को नई ऊंचाई पर ले जाने एलन मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट सेवा स्टारे लिंक जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करने जा रही है। शुरुआती प्रमोशनल ऑफर में यह सेवा सिर्फ 840 रुपए प्रति माह में अनलिमिटेड डेटा के साथ मिल सकती है। हालांकि भारत में सैटकॉम स्पेक्ट्रम की लागत पारंपरिक टेलिकॉम सेवाओं की तुलना में अधिक है– जैसे कि शहरी ग्राहकों पर 500 अतिरिक्त शुल्क फिर भी स्टारे लिंक जैसी कंपनी इस चुनौती से आसानी से निपट सकती है। स्टारे लिंक के पास फिलहाल करीब 7,000 उपग्रह हैं और उसके 40 लाख वैश्विक यूजर्स हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि 2030 तक अगर स्टारे लिंक अपनी सैटेलाइट संख्या 18,000 तक भी बढ़ा ले, तो भारत में वह केवल 15 लाख यूजर्स को ही कवर कर पाएगा। यानी सेवा की मांग बढ़ने पर क्षमता एक बड़ी चुनौती बन सकती है। जहां भारत के कई हिस्सों में आज भी हाई-स्पीड इंटरनेट एक सपना है, वहीं स्टारे लिंक जैसी सेवा दूरदराज के इलाकों में डिजिटल कनेक्टिविटी को नया जीवन दे सकती है। यह पहल भारत के डिजिटल इंडिया मिशन को भी मजबूती देगी।

# महिंद्रा ने बोलेरो और बोलेरो नियो को किया अपडेट

**नई दिल्ली।**

अपनी लोकप्रिय एसयूवीएस बोलेरो और बोलेरो नियो को महिंद्रा ने अपडेट कर दिया है। यह अपडेट मॉडल डीलर-लेवल एक्सेसरीज पैक के साथ बोल्ड एडिशन के रूप में उपलब्ध हैं, जिनकी कीमत 20,500 रुपए से लेकर 40,000 रुपए तक जाती है।

इस नई पेशकश में मुख्य रूप से कॉस्मेटिक बदलाव किए गए हैं, जबकि मैकेनिकल स्पेसिफिकेशन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। बोलेरो के बोल्ड एडिशन में हेडलाइट्स के ऊपर डार्क क्रोम फिनिश, फ्रंट ग्रिल, डोर हैंडल और रियर फेंडर पर वेंटिलेटर दिए गए हैं। इसके साथ ही ब्लैक-आउट फॉग लाइट सराउंड और फ्रंट बंपर पर भी नए एलिमेंट्स देखे जा सकते हैं। इंटीरियर में नई सीट और स्टीयरिंग अपहोल्स्ट्री के साथ बेज हाइलाइट्स दिए गए हैं। इस एडिशन में नए डोर सिल प्लेट और मैट भी शामिल हैं। बोलेरो बोल्ड एडिशन की कीमत 10.02 लाख रुपए से लेकर 11.14 लाख रुपए तक है, जबकि एक्सेसरीज पैक की कीमत 20,500 रुपए है। वहीं, बोलेरो नियो बोल्ड एडिशन में हेडलाइट्स, नोज और डोर हैंडल पर डार्क क्रोम एलिमेंट्स, ब्लैक-आउट रूफ रेल्स, फ्रंट फॉग लाइट सराउंड और व्हील आर्च जैसे बदलाव किए गए हैं।

इसके केबिन में नई ब्लैक सीट और स्टीयरिंग अपहोल्स्ट्री के साथ




नेक कुशन और नए मैट्स भी जोड़े गए हैं। सबसे खास फीचर इस मॉडल में रियर कैमरा का जुड़ना है। बोलेरो नियो बोल्ड एडिशन की कीमत 11.90 लाख रुपए से 12.58 लाख रुपए तक है, और एक्सेसरी पैक की कीमत 40,000 रुपए है। महिंद्रा की इस चाल का उद्देश्य दो महीनों में आई बिक्री गिरावट को कम करना है। मार्च 2025 में बोलेरो ट्विन्स की बिक्री 22 फीसदी से ज्यादा घटकर 8,031 यूनिट्स रह गई, जबकि अप्रैल 2025 में भी बिक्री में करीब 12 फीसदी की गिरावट देखी गई।

# अब बेंगलुरु मेट्रो रेल पर शौचालय सुविधा के लिए देने होंगे पैसे

## मेट्रो यात्रियों को 12 स्टेशनों पर चुकानी पड़ेगी कीमत

**बेंगलुरु।**

बेंगलुरु के मेट्रो यात्रियों को अब शौचालय सेवाओं का उपयोग करने के लिए पैसे देने होंगे, इस अपवादपूर्ण निर्णय से समाज में उत्पन्न विवाद का हुआ आयोजन। बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएमआरसीएल) ने 12 स्टेशनों पर शौचालय से संबंधित सुविधाओं के लिए सुलभ इंटरनेशनल को भेजा किया है। इसके साथ ही यात्रियों से यू रिन के लिए 2 रुपये और शौचालय उपयोग के लिए 5 रुपये वसूले जाएंगे। इस निर्णय को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र की कड़ी आलोचना हुई है, जिन्होंने इसे मानवीय ज़रूरतों का व्यवसायीकरण बताया। सरकार को मिल रही आलोचना का मुख्य कारण यह है कि पहले ही मेट्रो किरायों में 71 फीसदी की वृद्धि की गई थी। सुविधाओं के लिए अत्यधिक पैसे वसूलने पर सामाजिक संगठनों और जनता में कई उतार-चढ़ाव देखा गया है।

# रिजर्व बैंक ने यूबीआई और ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कुछ नियामकीय मानदंडों के गैर-अनुपालन के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) और ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पर बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ प्रावधानों और कृषि कर्ज प्रवाह -संपार्श्विक मुक्त कृषि ऋण पर कुछ निर्देशों के गैर-अनुपालन के लिए 63.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने एक अन्य बयान में कहा कि उसने ट्रांजेक्ट्री टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड पर गैर-अनुपालन के लिए 40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दोनों मामलों में आरबीआई ने कहा कि दंड नियामकीय अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसमें ग्राहकों के साथ इनके किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर सवाल नहीं उठाया गया है।



## सस्पेंस-थ्रिलर फिल्में बनाकर मशहूर हुए सुजॉय घोष

सस्पेंस थ्रिलर फिल्मों का निर्देशन करने के लिए जाने जाने वाले सुजॉय घोष आज अपना जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने झंकार बीट्स के निर्देशन से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। साल 2012 में आई उनकी फिल्म कहानी काफी मशहूर रही। निर्देशन के अलावा वह कई कलाओं में माहिर हैं।

### रॉयटर्स के लिए किया काम

सुजॉय घोष कलकत्ता में 21 मई 1966 में पैदा हुए। शुरुआती पढ़ाई यहीं से की। इसके बाद वह 13 साल की उम्र में लंदन चले गए। सुजॉय घोष ने मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग और एमबीए की डिग्री हासिल की। सुजॉय ने रॉयटर्स के मीडिया प्रभाग के दक्षिण एशिया प्रमुख के तौर पर काम किया। 1999 में यहां से इस्तीफा दिया।

### बतौर निर्देशक रहे कामयाब

सुजॉय घोष ने साल 2003 में झंकार बीट्स से फिल्मों के निर्देशन में कदम रखा। उनकी पहली फिल्म हिट रही थी। इसके बाद इन्होंने होम डिलीवरी और आलादीन जैसी फिल्मों का निर्देशन किया जो बॉक्स ऑफिस पर कामयाब नहीं रहीं। साल 2012 में सुजॉय घोष ने कहानी फिल्म का निर्देशन किया। फिल्म में लीड रोल में विद्या बालन थीं। उनकी यह फिल्म काफी कामयाब रही। साल 2016 में इसी फिल्म की सीक्वल कहानी 2 रिलीज हुई।

### सस्पेंस थ्रिलर फिल्में

बॉलीवुड में सुजॉय घोष ने अलग किस्म की फिल्में बनाई हैं। उन्हें सबसे ज्यादा सस्पेंस-थ्रिलर फिल्मों के लिए जाना जाता है। घोष की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली फिल्म कहानी है। इस फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस है। फिल्म ने कई अवॉर्ड्स अपने नाम किए थे। जिसमें तीन राष्ट्रीय पुरस्कार शामिल थे। इसी तरह से सुजॉय के निर्देशन में बनी फिल्म बदला में भी सस्पेंस दिखाया गया है। इस फिल्म में तापसी पन्नू और अमिताभ बच्चन हैं। सुजॉय घोष की शॉर्ट फिल्म अहल्या में सस्पेंस दिखाया गया है। इस फिल्म में राधिका आप्टे ने बेहतरीन अदाकारी की है। साल 2012 में सुजॉय घोष ने अभिनय में हाथ आजमाया। उन्होंने रितुपर्णो घोष द्वारा निर्देशित बंगाली फिल्म में अभिनय किया। बहुत कम ही लोगों को पता है कि सुजॉय ने आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए कोरबो लोरबो जीतबो रे टैग लाइन लिखी है। सुजॉय ने साल 2005 में अहल्या और साल 2017 में अनुकूल जैसी शॉर्ट फिल्मों का निर्देशन और प्रोडक्शन किया है।



## मैं अपना काम करने में यकीन करती हूं और ट्रोल्स को इग्नोर करती हूं

इंडस्ट्री में 6 साल पूरे कर चुकी अनन्या पांडे को उनकी हालिया रिलीज केसरी - चैप्टर 2 की भूमिका के लिए पसंद किया जा रहा है। फिल्म गहराइयां और कॉल भी बे जैसी सीरीज की इस एक्ट्रेस का मानना है कि करियर का शुरुआती दौर उनके लिए मुश्किल था, मगर अब वह अपने काम और लोगों के प्यार पर फोकस करती हैं। अनन्या ने बातचीत में विभिन्न मुद्दों पर बात की।

**अनन्या पांडे अपनी फिल्म केसरी - चैप्टर 2 के बाद आपको एक एक्ट्रेस के रूप में रिस्पेक्ट मिलने लगी है, क्योंकि आम तौर पर नई हीरोइनों को पर्दे पर ग्लैमर एड करने वाली समझा जाता है**

हां, मैं मानती हूं कि केसरी- चैप्टर 2 में जलियांवाला बा कांड पर आधारित कहानी में मैंने 1920 के दौर की लड़की की भूमिका की, उसे लेकर लोगों को लगा नहीं था कि मैं ये भूमिका कर पाऊंगी। जाहिर सी बात है, उसमें पंजाबी का एक अलग तरह का डायलेक्ट था, मगर मैं ये जरूर कहना चाहूंगी कि फिल्म दर फिल्म दर्शकों को मेरा काम पसंद आता गया। गहराइयां, खो गए हम कहां, कंट्रोल सीटीआरएल जैसी तमाम फिल्मों में एक्ट्रेस के रूप में मुझे पसंद किया गया। जब मैंने शुरुआत की थी, लोग हमेशा कहते थे, वेरी स्वीट, क्यूट, बबली, वो भी अच्छा ही था आगाज के हिसाब से। मगर अब लोग मेरी परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हैं। एक कलाकार के रूप में मेरे काम और रोल के बारे में बात किए जाना मेरे लिए काफी संतुष्टिपूर्ण है।

**करण जौहर आपके मेंटॉर रहे, शाहरुख खान के परिवार से आप काफी क्लोज हैं और हाल ही में अक्षय कुमार के साथ आपने काम किया, इन सभी से आपने क्या सीखा?**

मैं अक्षय कुमार सर के बारे में पहले कहूंगी, क्योंकि हाल ही में मैंने उनके साथ काम किया है। वह बेहद ही अनुशासित हैं। अलसुबह की शूटिंग में भी वह वर्कआउट करके आते हैं और एकदम समय की पाबंदी के साथ। उन्होंने सैकड़ों फिल्में की हैं, इसके बावजूद वह सेट पर हर चीज में रुचि लेते हैं। उन्हें मेरे और अपने साथी कलाकारों के बारे में जानना होता है कि हम क्या कर रहे हैं। वह चाहते हैं कि फिल्म चले और सभी की परफॉर्मेंस दमदार हो। शाहरुख सर से मैंने सीखा है कि हम पर्सनल और वर्क लाइफ को कैसे बैलेंस करें। वह इतने बड़े सुपरस्टार हैं, मगर इसके बावजूद वह अपने बच्चों की जिंदगी की पल-पल की खबर रखते हैं। वह कमाल के पिता है। वह बादशाह और किंग खान हैं, मगर हर व्यक्ति को बहुत खास महसूस करवाते हैं। उनकी चार्मिंग क्वालिटी उम्दा है। करण आपको जिस तरह से सपोर्ट करते हैं, वो कई बार अविश्वसनीय लगता है। आप सोचते हैं कि क्या करण के पास काम के अतिरिक्त घंटे हैं, क्योंकि वह बहुत कुछ एक साथ मैनेज करते हैं। मैं उनको कपड़ों, फिल्मों, इवेंट या फिर निजी जिंदगी के मसाले को लेकर कॉल करूं, तो वे हमेशा कॉल उठाते हैं और अपनी सलाह देते हैं।

**आप प्यार, मोहब्बत और विवाह संस्था के बारे में क्या सोचती हैं? आज का यूथ तो डेटिंग ऐप्स, सिचुएशनशिप, बैंचिंग,ब्रेडक्रंबिंग जैसे टर्म्स को अपनाने लगा है?**

सच कहूं, तो मैंने अपने घर में अपने मॉम-डैड के रूप में एक ऐसा कपल देखा है, जिसमें दोस्ती पहले है। अगर वो लड़ते भी हैं, तो एक -दूसरे को मना लेते हैं। वो एक रियल कपल हैं। मेरे माता-पिता मुझसे हमेशा यही कहते हैं कि रिश्ते में पहले दोस्ती ढूंढो, वो हमेशा रहेगी। जैसे कुछ कुछ होता है में एक लाइन है-प्यार दोस्ती है, तो मैं भी उसी में मानती हूं। आपका पार्टनर आपका बेस्ट फ्रेंड होना चाहिए। मैं जब छोटी थी, तभी से मैं होपलेस रोमांटिक लड़की रही हूं।

**आप बार-बार ट्रोल्स की शिकार होती हैं, कैसे हैंडल करती हैं?**

अब ट्रोल्स का तो वही काम है। वे तो ये सभी के साथ करते हैं। मैं एक बात समझ चुकी हूं कि मैं सभी को खुश नहीं कर सकती। मैं अपना काम करने में यकीन करती हूं और जो प्यार देते हैं, उनकी क़द्र करती हूं। ट्रोल्स को इग्नोर करती हूं, क्योंकि जानती हूं कि ये कहीं नहीं जाने वाले। हां, इंसान हूं, तो बुरा लगता है कई बार, जब ये मेरे परिवार को निशाना बनाते हैं,मगर अब मैं लोगों के प्यार पर ज्यादा फोकस कर रही हूं, वो मुझे मिल भी ज्यादा रहा है।



## क्या वाकई श्रद्धा ने छोड़ दी एकता कपूर की फिल्म?

बीते वर्ष फिल्म स्त्री 2 के जरिए बॉक्स ऑफिस पर राज कर चुकीं श्रद्धा कपूर की अगली फिल्म का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। बीते दिनों खबर आई कि उन्होंने एकता कपूर की फिल्म साइन की है, जिसका निर्देशन तुम्बाड़ फेम निर्देशक अनिल बर्वे करेंगे। हालांकि, हाल ही में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि फीस के मसले को लेकर श्रद्धा कपूर ने एकता की फिल्म से हाथ पीछे खींच लिए हैं। अब ऐसी खबरों का खंडन खुद अनिल बर्वे ने किया है।

### अनिल बर्वे ने बताया अफवाह

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि फीस संबंधी असहमतियों के चलते श्रद्धा कपूर ने अनिल बर्वे की थ्रिलर फिल्म छोड़ दी है। हालांकि, ऐसी खबरों का खंडन करते हुए आज सोमवार को राही अनिल बर्वे ने अपने एक्स अकाउंट (पूर्व में ट्विटर) से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर यकीन न करें।

### जल्द होगा आधिकारिक एलान

अनिल बर्वे ने सही वक्त आने पर आधिकारिक एलान करने की बात कही है। अनिल बर्वे ने लिखा है, कृपया मीडिया में चल रही किसी भी अफवाह पर यकीन न करें। हम सही समय पर आधिकारिक घोषणा करेंगे। बता दें कि पिछले कुछ हफ्तों से ऐसी खबरें आ रही हैं कि एकता कपूर की एक थ्रिलर फिल्म से श्रद्धा बाहर हो गई हैं। उन्होंने फिल्म के लिए 17 करोड़ रुपये फीस मांगी, जो मेकर्स को काफी ज्यादा लगी।

### किसी फिल्म का नहीं हुआ आधिकारिक एलान

साल 2024 में आई श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री 2 बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई। इसके बाद ऐसी खबरें हैं कि वह कई फिल्मों में काम करेंगी, लेकिन अभी तक किसी भी फिल्म की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

### राहुल मोदी को कर रहीं डेट?

श्रद्धा कपूर अपनी फिल्मों के अलावा इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। कथित तौर पर वे राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी अफेयर की अफवाहों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। मगर, कई मौकों पर दोनों को साथ देखा गया है।

## 28 साल बड़े कमल हासन के साथ इंटीमेट सीन पर बोलीं तृषा

तृषा कृष्णन इन दिनों चर्चा में हैं। उन्होंने कमल हासन की फिल्म ठग लाइफ के ट्रेलर से सुर्खियां बटोरी हैं। ट्रेलर में तृषा और कमल हासन रोमांस करते हुए हुए नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने इस बात पर आपत्ति जताई है कि फिल्म में 70 साल के हासन अभिनेत्री तृषा जो उनसे काफी छोटी हैं के साथ इंटिमेट सीन कर रहे हैं और किस कर रहे हैं। तृषा कृष्णन अभी 42 साल की हैं। ज्यादा एज गैप वाले कलाकारों के एक दूसरे के साथ रोमांस करने पर, जहां सोशल मीडिया पर आलोचना हुई वहीं इस सीन का हिस्सा बनी तृषा को इससे कोई ऐतराज नहीं है। वह इस बात से बिल्कुल भी परेशान नहीं हैं कि लोग इस बारे में क्या कह रहे हैं। उन्होंने ने्कहा मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो मुझे तब पता था जब उन्होंने (निर्माताओं ने) फिल्म का एलान किया था। मैं उस समय फिल्म का हिस्सा भी नहीं थी। तब तक मैंने इसे साइन नहीं किया था।

### लोगों को नहीं पसंद आया इंटीमेट सीन



आपको बता दें कि हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट पर एक यूजर ने कमल हासन और तृषा कृष्णन की अदाकारी वाली फिल्म ठग लाइफ के ट्रेलर से स्क्रीनशॉट पोस्ट किए। इसमें कमल हासन और तृषा कृष्णन के बीच एक रोमांटिक सीन दिखाया गया है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है नहीं भगवान नहीं।

## केसरी वीर से कमबैक पर सूरज पंचोली ने जताई खुशी

पीरियड एक्शन फिल्म केसरी वीर- लीजेंड्स ऑफ सोमनाथ इस महीने सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म के जरिए अभिनेता सूरज पंचोली भी लगभग तीन साल बाद बड़े परदे पर वापसी कर रहे हैं। हाल ही में सूरज पंचोली ने अपने कमबैक के बारे में चर्चा की।

बातचीत में सूरज पंचोली ने फिल्म में अपने कमबैक को लेकर खुशी जताई। उन्होंने कहा, यह बहुत प्रेरक, बहुत सकारात्मक अनुभव है। मेरे पास काम करने के लिए बेहतरीन सह-कलाकार हैं और अब हम यहां प्रमोशन कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज डेट अब सिर्फ तीन दिन दूर है। मैं बहुत उत्साहित और खुश हूं। बहुत भावुक भी और इससे बढ़कर शुक्रगुजार हूं। शूटिंग के दौरान चोटें आईं फिल्म केसरी वीर 23 मई को रिलीज हो रही है। यह फिल्म एक्शन से भरपूर है। सूरज पंचोली ने बताया कि शूटिंग के दौरान उन्होंने खुद को काफी मेहनत से तैयार किया। यहां तक कि शूटिंग के दौरान उन्हें जलने से चोटें भी आईं। अपना अनुभव शेयर करते हुए उन्होंने कहा, बहुत सारी चोटें आईं, लेकिन हर चोट ने हमें योद्धा जैसा महसूस कराया। इसलिए मुझे लगता है कि युद्ध के निशान अच्छे हैं। इस फिल्म में सुनील शेट्टी भी अहम भूमिका में हैं। उन्होंने केसरी वीर जैसी कहानियों को लेकर कहा, देखिए, यह केवल युवा पीढ़ी की बात नहीं है, जब यह हमारे पास आई, तब भी मुझे सोमनाथ का इतिहास नहीं पता था और मुझे इन गुमनाम नायकों का इतिहास भी नहीं पता था। इसलिए, हमारे जैसे लोगों के लिए भी...मेरा मानना है कि इस तरह की बातें बताई जानी चाहिए। और सिनेमा के माध्यम से ऐसा करने का इससे बेहतर तरीका और क्या हो सकता है? इस फिल्म में विवेक ओबेरॉय और आकांशा शर्मा भी अहम रोल में हैं।





## एक्टिंग छोड़ डीजे बने अभय देओल, 2 साल से नहीं आई कोई फिल्म

बॉलीवुड एक्टर अभय देओल इन दिनों लाइमलाइट से भले ही दूर हों, लेकिन उनके स्टाइल और अंदाज की चर्चा हमेशा होती रहती है। हाल ही में अभय देओल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो एक पार्टी में डीजे बने नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अभय देओल अपनी फिल्म 'देव डी' वाले बेफिक्र और बिंदास अवतार में दिखाई दे रहे हैं।

### डीजे की भूमिका में नजर आए अभय

हाल ही में गुड़गांव में एक खास पार्टी आयोजित की गई, जिसमें एक्टर अभय देओल अचानक से डीजे बन गए। वहां मौजूद लोग तब हैरान रह गए जब अभय ने माइक नहीं, बल्कि डीजे का सेटअप संभाल लिया और एक के बाद एक शानदार गाने बजाकर पार्टी का माहौल बना दिया। कैजुअल टीशर्ट और पैंट्स में अभय पूरी तरह मस्ती के मूड में दिखे और पार्टी के माहौल में डूबे हुए नजर आए।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

इवेंट ऑर्गेनाइजर स्किलबॉक्स ने इस पार्टी का वीडियो 14 मई को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया था। इस वीडियो के साथ कैप्शन भी काफी दिलचस्प था जिसमें लिखा गया ङ्क 'पर्दे से उतरा स्टार और संगीत में डूबा। ये कोई परफॉर्मेंस नहीं, एक मौजूदगी थी।' वायरल हो रहे वीडियो के साथ-साथ इस कैप्शन ने काफी ध्यान खींचा।

### 2 साल ने नहीं आया कोई प्रोजेक्ट

अभय देओल लंबे समय से बड़े पर्दे से दूर हैं। हालांकि, उन्होंने नेटफ्लिक्स की चर्चित सीरीज 'ट्रायल बाय फायर' में दमदार अभिनय किया था, जो उपहार सिनेमा हादसे पर बेस्ड थी। ये सीरीज साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस सीरीज में अभय की परफॉर्मेंस को काफी सराहा गया था, लेकिन अब वो फिर से किसी बड़े प्रोजेक्ट में नहीं दिखे हैं। उनके फैन्स उन्हें मिस कर रहे हैं और अब ये डीजे वाली क्लिप उनके फैन्स के बीच काफी पॉपुलर हो रही है।

### चकाचौंध से दूर रहते हैं अभय

अभय देओल कहीं ना कहीं खुद ही फिल्मी दुनिया की चकाचौंध से खुद को दूर रखते हैं। कुछ समय पहले एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में जो दर्द और तकलीफ अपने परिवार के सदस्यों से सुनी थी, वही उनके डर का कारण बनी। उन्होंने बताया था कि वो एक समय पर सब कुछ छोड़कर न्यूयॉर्क चले गए थे, जहां वह देव डी की तरह जी रहे थे, जिसे अपनी जिंदगी में किसी की परवाह नहीं होती।

## मानुषी छिल्लर ने अमेरिका में मनाया 28वां जन्मदिन

मानुषी छिल्लर ने अपना 28वां जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अब तस्वीरें शेयर की हैं। अमेरिका के न्यूयॉर्क में शेफ विकास खन्ना के रेस्टोरेंट में मानुषी ने गर्ल गैंग के साथ बर्थडे सेलिब्रेट किया। तस्वीरों में मानुषी केक काटते हुए नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस की फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'एक जन्मदिन जो 33 घंटे और 30 मिनट तक चला! जब आपके पास काटने के लिए ढेरों केक हों। फोटोज में मानुषी काफी खुश नजर आ रही हैं। उनके फैंस को भी उनका यह अंदाज काफी पसंद आया। मानुषी की सेलिब्रेशन वाली फोटोज पर फैंस ने उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दीं जिससे उनका जन्मदिन काफी खास बन गया। अभिनेत्री जल्द ही दो बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं। फिल्म मालिक में वह अभिनेता राजकुमार राव के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in